सुविचार

दोस्तों मेहनत से मोहब्बत करो, क्योंकि यह तुम्हारी कामयाबी की वजह बनेगा।

RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक
# गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।।

निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 17 अंकः 350 पेजः 8 मूल्य 01 रु. जयपुर, गुरुवार 13 जुलाई, 2023 Email: garibonkasitara@gmail.com

### बंगाल पंचायत चुनाव पर हाईकोर्ट का ऑर्डर

## अदालत ने कहा- अंतिम नतीजे हमारे आदेश पर निर्भर होंगे; चुनाव आयोग से भी मांगा जवाब



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल चुनाव के अंतिम नतीजे कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश पर निर्भर करेंगे। अदालत ने राज्य चुनाव आयोग से पूछा कि आखिर आयोग ने केवल 696 बूथों पर दोबारा मतदान करने की घोषणा क्यों की? क्या इसके लिए कोई जांच की गई थी? इसके साथ ही कोर्ट ने हिंसा को लेकर की गई कार्रवाई पर चुनाव आयोग की रिपोर्ट पर भी नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा कि यह रिपोर्ट अधूरी और असंतोषजनक है। चीफ जस्टिस टीएस शिवगणनम और जस्टिस हिरणमय भट्टाचार्य की बेंच ने इस मामले में केंद्र, राज्य सरकार और चुनाव आयोग को तीन जनहित याचिकाओं में लगाए गए सभी आरोपों से निपटने के लिए हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। केस में अगली सुनवाई 19 जुलाई को होगी। हाईकोर्ट बोला- एक-दूसरे पर आरोप मढ़ रहे, फिर हमारे आदेश देने का क्या मतलब?

कलकत्ता हाईकोर्ट ने 11 जुलाई को सुनवाई के दौरान राज्य चुनाव आयोग को फटकार लगाई थी। कोर्ट ने आयोग से सवाल किया था कि हाईकोर्ट रजिस्ट्री को हिंसा का आरोप लगाने वाले 44 से ज्यादा ईमेल मिले हैं। आप इन हालात पर कंट्रोल क्यों नहीं कर सके? चीफ जस्टिस टीएस शिवगणनम ने आरोप-प्रत्यारोप करने वालों से कहा- पहला दूसरे को दोष दे रहा है। दूसरा किसी और को दोष दे रहा है। फिर हमने जो इतने सारे आदेश जारी किए थे, उनका क्या मतलब है?

पंचायत चुनाव को लेकर हाईकोर्ट में तीन याचिकाएं दायर

चुनाव में हुई धांधली और हिंसा को लेकर हाईकोर्ट में तीन जनहित याचिकाएं दायर की गई हैं। पहले याचिकाकर्ता पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बीजेपी के शुभेंदु अधिकारी हैं। दूसरी याचिकाकर्ता भी बीजेपी नेता और कलकत्ता हाईकोर्ट की वकील प्रियंका टिबरेवाल हैं, जबकि तीसरा याचिकाकर्ता एक आम नागरिक फरहाद मलिक हैं। राज्य सरकार ने मंगलवार को कोर्ट में चुनावी हिंसा पर स्टेटस रिपोर्ट पेश की, जिसमें दावा किया गया कि नामांकन वापसी के दौरान कोई अवैधता नहीं हुई, साथ ही यह भी कहा गया कि नामांकन वापसी की प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की गई थी। 10 जुलाई को कोर्ट ने राज्य सरकार और सुरक्षा बलों से हिंसा पर स्टेटस रिपोर्ट मांगी थी। अधीर रंजन ने याचिका में कहा था- मुर्शिदाबाद हिंसा से तबाह हो गया हाईकोर्ट ने ये निर्देश कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी की याचिका पर सुनवाई के दौरान दिए थे। जिसमें उन्होंने कहा था कि मुर्शिदाबाद हिंसा से तबाह हो गया है। समाज के सबसे गरीब तबके पर इसका बुरा असर पड़ा है। जो लोग गंभीर घायल हुए या मरे, वे अपने प्रियजन का अंतिम संस्कार तक नहीं करवा सकते। इसके बाद हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को घायलों को उपचार और स्वास्थ्य सुविधाएं देने, और मृतकों के अंतिम संस्कार की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया था।

बंगाल में हिंसा और बूथ कैप्चरिंग के बीच 80.71% मतदान हुआ बंगाल में 8 जुलाई को हिंसा और बूथ कैप्चरिंग की घटनाओं के बीच 80.71% मतदान हुआ था। 8 जून को चुनाव का शेड्यूल सामने आने के बाद से चुनावी हिंसा में 10 जुलाई तक 36 लोग मारे जा चुके हैं। वहीं, ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद चुनाव के लिए वोटों की गिनती मंगलवार और बुधवार को जारी रही। बूथ कैप्चरिंग की शिकायतों के बाद चुनाव आयोग ने सोमवार (10 जुलाई) को 19 जिलों के 697 बूथों पर दोबारा वोटिंग करवाई। हालांकि इस दौरान 69.85% वोटिंग हुई और हिंसा की कोई बड़ी घटना नहीं हुई।

## पायलट बोले- मेरे तीनों मुद्दों पर पार्टी, सरकार में सहमति

***पेपरलीक में कोई कितना बड़ा हो, नए कानून से उस तक सरकार के हाथ पहुंचेंगे***

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने कहा- तीनों मुद्दों पर पार्टी और सरकार में सहमति है। खड़गे साहब के यहां बैठक में मैंने अपनी बात को उठाया था। मेरे तीन मुद्दे थे। पेपरलीक पर कार्रवाई हो, आरपीएससी के सदस्य बनते हैं। उनके चयन के लिए कोई न कोई मापदंड हो और उनकी नियुक्ति पारदर्शी तरीके से होनी चाहिए, क्योंकि वहीं से पेपर होते हैं, इंटरव्यू होते हैं। मैंने पेपर लीक, आरपीएससी मेंबर्स के चयन के मापदंड तय करने और बीजेपी राज के करप्शन को लेकर जो बात रखी थी इन तीनों बातों पर पार्टी और सरकार में सहमति है। आने वाले समय में नियम-कानून बनेंगे और प्रदेश सरकार धरातल पर कदम उठाएगी। पायलट जयपुर में कांग्रेस सत्याग्रह में भाग लेने से पहले मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

### युवाओं का भविष्य सुरक्षित रखें

पायलट ने कहा- सरकार नियम-कानून बनाकर नौजवानों का भविष्य सुरक्षित रखे। यह हम सबकी प्राथमिकता है कि पढ़े-लिखे नौजवानों को उनके मन में इन संस्थाओं के प्रति विश्वास जागे। पेपरलीक का प्रकरण चल रहा है उसे समाप्त किया जाए और दोषियों को सख्त सजा दी जाए। पेपरलीक में कोई कितना ही बड़ा हो, उस तक सरकार के हाथ पहुंच सके यह इस कानून से संभव हो सकेगा। आरपीएससी मेंबर्स की नियुक्ति के लिए ऐसा कानून बन जाए, जिससे इन संस्थाओं पर कोई कोई उंगली न उठा सके। बीजेपी राज के करप्शन पर भी जांच होगी।

### सत्ता-संगठन मिलकर लड़ेंगे तो सरकार रिपीट होगी

पायलट ने कहा- अभी कुछ दिन पहले खड़गे साहब और राहुल गांधी ने मीटिंग बुलाई थी। प्रदेश के सभी नेता वहां मौजूद थे। सबने मिलकर निर्णय लिया है कि इस बार हम परिपाटी को तोड़ेंगे और कांग्रेस की सरकार रिपीट करेंगे। भाजपा के अंदर जो भी बिखराव है, सिर फुटव्वल है वो सब देख रहे हैं। मैं ऐसा मानता हूं कि संगठन और सत्ता मिलकर काम करेंगे तो 25 साल का यह जो क्रम चल रहा है, उसको हम तोड़ सकते हैं। जैसा वेणुगोपालजी ने कहा था कि मिलकर चुनाव लड़ेंगे और मिलकर हम चुनाव जीत भी सकते हैं।

### राहुल गांधी को टारगेट किया गया

पायलट ने कहा- राहुल गांधी ने हमेशा लोगों को जोड़ने की बात की है। उनको भी टारगेट करके जिस तरह से घटनाक्रम बीता है, वह हम सबके सामने है। हम लोग पीछे हटने वाले नहीं हैं। हम डटकर सामना करेंगे और जनता के बीच में जाएंगे। लोकतंत्र में जनता सबसे बड़ी ताकत है। मुझे लगता है लोगों का भाजपा की सरकार से मोहभंग हो गया है।

पायलट ने कहा- जो भी केंद्र की सत्ता में बैठे लोगों को बेनकाब करने की बात करता है, हकीकत बयान करता है, बिना डरे हुए अपनी बात रखता है उसे साजिशन दबाया जाता है। लोकतंत्र में न्याय होना चाहिए। खुले मन से बात करने की आजादी होनी चाहिए। आज टकराव और नफरत का माहौल बन रहा है। अलग-अलग एजेंसीज का दुरुपयोग किया जा रहा है। संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है। यह हमारे भारतीय लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं हैं। इसको देखते हुए पूरे देश भर में कांग्रेस पार्टी ने मौन व्रत रखा। देश के लोगों को जागरूक करने के लिए संदेश जन-जन तक पहुंचे और लोकतंत्र में हमारी आस्था को बरकरार रहे।

## बागेश्वर वाले बाबा के कार्यक्रम में अफरा-तफरी, 10 घायल: 5 लाख लोगों की भीड़ थी



**नई दिल्ली।** ग्रेटर नोएडा में बागेश्वर वाले बाबा पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के दिव्य दरबार में बुधवार को भीड़ ज्यादा होने से अफरा-तफरी मच गई। गर्मी-उमस होने से कई लोग बेहोश हो गए। 10 लोगों को चोटें आई हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के वक्त कार्यक्रम में 5 लाख से ज्यादा लोग मौजूद थे।

दरबार में अर्जी लगाने की होड़ मची थी। भीड़ बेकाबू हो गई। बताया जा रहा है कि वीआईपी पास से पीछे छोटे से गेट से एंट्री करवाई जा रही थी, वहां पर बिजली के तार होने से एक महिला को करंट लगा है। घायल हुए लोगों में ज्यादातर बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं हैं।

फिलहाल पुलिस ने हालात पर काबू पा लिया है। पंडाल में अभी भी 1 लाख से ज्यादा लोग कथा सुनने के लिए मौजूद हैं। कार्यक्रम के लिए आयोजकों तीन पंडाल लगाए थे और तीनों भर गए थे। पंडाल के बाहर भी भक्तों की भीड़ लगी रही। बड़ी संख्या में श्रद्धालु पास जारी किए गए थे, लेकिन भीड़ को देखते हुए श्रद्धालु एंट्री पहले ही बंद कर दी गई थी। दोपहर 12 बजे से पहले ही दिव्य दरबार में पांच लाख से अधिक लोग पहुंच चुके थे। इसके बाद भी श्रद्धालुओं का दिव्य दरबार में आना लगातार जारी रहा। धीरेंद्र शास्त्री की एक झलक पाने के लिए कार्यक्रम स्थल पर हालात बेकाबू हो गए।

स्थिति को देख पुलिस ने श्रद्धालुओं से दिव्य दरबार के समाप्त होने की बात कही। श्रद्धालुओं से घर जाने का अनुरोध किया। लोगों से कहा गया कि वे घरों से ही प्रवचन सुनें। टीवी पर उनका कार्यक्रम आ रहा है। बाबा के दिव्य दरबार के मुख्य आयोजक शैलेंद्र शर्मा का कहना है, यहां पर किसी भी तरह की कोई भगदड़ नहीं मची है। जो भी वीडियो सामने आए हैं, उनको गलत तरीके से पेश किया गया है। यहां हमारे और प्रशासन के अनुमान से ज्यादा लोग आ गए।

## JVVNL का JEN 7500 की रिश्वत लेता रंगे हाथ गिरफ्तार

***जमीन और मकान पर बिजली कनेक्शन जारी करने के लिए मांगी थी 20 हजार की रिश्वत***



**जयपुर।** जयपुर एसीबी ने आज बिजली कनेक्शन जारी करने की एवज में साढे 7 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए जेईएन को ट्रैप किया। परिवादी ने एसीबी मुख्यालय में शिकायत दी थी कि जेईएन सब स्टेशन अमरसर शाहपुरा राजेश महला खातेदारी कृषि भूमि ए?वं मकान पर बिजली कनेक्शन जारी करने के लिए 20 हजार रुपए की डिमांड कर रहा हैं। पीड़ित के पैसा नहीं देने पर आरोपी उसे बार-बार धमका रहा हैं। जिस पर आज एसीबी की टीम ने आरोपी जेईएन को रिश्वत की राशि साढ़े 7 हजार रुपए लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एडीजी एसीबी हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर एसीबी के उप महानिरीक्षक डॉ रवि के सुपरवीजन में एसीबी जयपुर की टीम के एडिशनल एसपी बलराम सिंह मीणा के निर्देशन में पीड़ित की शिकायत का सत्यापन किया गया। सत्यापन सही होने पर सीआई मूलचंद मीणा ने आज ट्रेप की कार्रवाई को अंजाम दिया।

एसीबी ने आरोपी जेईएन राजेश महला पुत्र शुभराम जाट निवासी गांव माकड़ी, पुलिस थाना सिधाना, जिला झुंझुनूं हाल कनिष्ठ अभियंता कार्यालय सब स्टेशन जयपुर विधुत वितरण निगम लिमिटेड, अमरसर, शाहपुरा, जयपुर को परिवादी से 7 हजार 500 रुपए की रिश्वत राशि लेते हुए गिरफ्तार किया। जानकारी में आया कि आरोपी जेईएन पूर्व में रिश्वत की राशि 15हजार रुपए पूर्व में ले चुका हैं। आरोपी के जयपुर और अन्य ठिकानों पर एसीबी की टीमें सर्च कर रही हैं।

## छत्तीसगढ़ जीतने के लिए अमित शाह ने संभाली कमान



**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ में बीजेपी आलाकमान भूपेश बघेल को हल्के में नहीं ले रही है। लिहाजा पहली बार कांग्रेस का कोई मुख्यमंत्री बीजेपी की पिच पर आकर बैटिंग कर रहा है। बीजेपी भूपेश बघेल की हिंदुत्व वाली छवि की काट के लिए बड़ा दांव अपनाया है। छत्तीसगढ़ में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। सत्ता के शीर्ष पर पहुंचने के लिए राजनैतिक पार्टियां पूरे दमखम के साथ चुनावी रणनीति तैयार करने में जुट गई हैं। बीजेपी ने छत्तीसगढ़ के लिए रोडमैप बनाना शुरू कर दिया है। इसकी कमान संभाली है गृहमंत्री अमित शाह ने। अमित शाह ने 5 जुलाई और 6 जुलाई को छत्तीसगढ़ में प्रदेश संगठन की बैठक की थी। सूत्रों के अनुसार पार्टी विधानसभा चुनाव में बिना मुख्यमंत्री के चेहरे के ही मैदान में उतरेगी। हालांकि सूबे का चुनाव पार्टी के सबसे चेहरे पीएम मोदी और छत्तीसगढ़ में सामूहिक नेतृत्व में लड़ा जाएगा।

## नॉन RAS से IAS बनाने पर रोक जारी रहेगी

जयपुर। नॉन RAS से IAS पदोन्नति प्रक्रिया पर रोक जारी रहेगी। आज राजस्थान हाई कोर्ट में सरकार ने जवाब देने के लिए समय मांगा। जिसके बाद जस्टिस एमएम श्रीवास्तव की खंडपीठ ने प्रक्रिया पर रोक को बढ़ाते हुए 31 जुलाई को सुनवाई की अगली तारीख तय कर दी। सरकार की ओर से आज महाधिवक्ता एमएस सिंघवी अदालत में पेश हुए थे।

वहीं आज नॉन स्टेट सिविल सर्विसेज एसोसिएशन की ओर से भी मामले में पक्षकार बनने के लिए एप्लिकेशन लगाई गई। जिस पर हाई कोर्ट ने एसोसिएशन को मामले में इंटरवीनर बनाया। अब नॉन फ्अर अधिकारी भी कोर्ट में अपना पक्ष रख सकेंगे।

दरअसल, राजस्थान प्रशासनिक सेवा परिषद की याचिका पर पिछली सुनवाई में हाई कोर्ट ने नॉन RAS से IAS में पदोन्नति प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी। परिषद ने याचिका लगाकर कहा था कि राज्य सरकार केवल विशेष परिस्थितियां होने पर ही अन्य सेवाओं के अधिकारियों को आईएएस में पदोन्नत कर सकती हैं।

## 10 साल पुराने मामले में धारीवाल सहित अधिकारियों को राहत

**एकल पट्टा प्रकरण में सीबीआई जांच की मांग की याचिका वापस लेने की हाई कोर्ट से अनुमति मिली**

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर।** करीब 10 साल पुराने एकल पट्टा प्रकरण में मंत्री शांति धारीवाल सहित रिटायर्ड आईएएस अधिकारी जीएस संधू, निष्काम दिवाकर और आरएएस अधिकारी ओंकारमल सैनी को हाई कोर्ट से राहत मिली है। हाई कोर्ट ने मामले में याचिकाकर्ता दिवंगत रामशरण सिंह के बेटे सुरेंद्र सिंह को सीबीआई जांच वाली याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी है।

इस पूरे मामले में जेडीए ने गणपति कंस्ट्रक्शन के प्रोपराइटर शैलेन्द्र गर्ग के नाम एकल पट्टा जारी किया था। जिसकी शिकायत परिवादी रामशरण सिंह ने 2013 में एसीबी में की थी। मामले की जांच करते हुए एसीबी ने तत्कालीन एसीएस जीएस संधू, डिप्टी सचिव निष्काम दिवाकर व जोन उपायुक्त ओंकारमल सैनी, शैलेन्द्र गर्ग और दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके खिलाफ एसीबी कोर्ट में चालान पेश किया था। वहीं अन्य के खिलाफ मामले में जांच पेंडिंग रखी थी। मामला बढ़ने पर विभाग ने एकल पट्टा निरस्त कर दिया था। इस बीच मंत्री शांति धारीवाल को एसीबी ने पूछताछ के लिए भी बुलाया था। जिसके खिलाफ धारीवाल ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसमें भी उन्हें कोर्ट से राहत मिल गई थी। दरअसल, पूरे मामले में सरकार बदलते ही एसीबी ने कोर्ट में साल 2022 में क्लोजर रिपोर्ट पेश करते हुए कहा कि जीएस संधू, निष्काम दिवाकर व ओंकारमल सैनी के खिलाफ मामला नहीं बनता है। ऐसे में एसीबी मामले को बंद करना चाहती है। जिसे एसीबी कोर्ट ने मंजूर कर लिया था।

इसके बाद एसीबी ने कोर्ट में चालान वापस लेने का प्रार्थना पत्र लगाया। जिसे एसीबी कोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसकी अपील एसीबी व तीनों आरोपियों ने हाई कोर्ट में की। जिसे 12 जनवरी 2023 को हाई कोर्ट ने मंजूर कर लिया।

लेकिन इसी बीच परिवादी रामशरण सिंह की मृत्यु हो गई थी। लेकिन उनकी लगाई गई याचिका लंबित चल रही थी। जिसे वापस लेने के लिए रामशरण सिंह के बेटे सुरेंद्र सिंह ने कोर्ट से अनुमति मांगी थी। जिसका विरोध आरटीआई एक्टिविस्ट अशोक पाठक ने किया था। लेकिन कोर्ट ने याचिका विड्रो करने की अनुमति दे दी।



क्षेत्र का नं. 1 अखबार हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

# अपना शहर

गरीबों का सितारा

जयपुर

गुरुवार, 13 जुलाई, 2023

2

| पूर्वानुमान> | | गुरु | शुक्र | शनि | रवि |
|---|---|---|---|---|---|
| 25° | अधिकतम> | 33°c | 34°c | 34°c | 31°c |
| | न्यूनतम> | 26°c | 27°c | 26°c | 26°c |

## शहीद स्मारक पर कांग्रेसजनों ने काली पट्टी बांधकर मौन सत्याग्रह किया

# मौन सत्याग्रह : कॉंग्रेस ने मौन रहकर दिया बड़ा संदेश, केंद्र को घेरा







**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**जयपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गॉंधी की निडर एवं समझौता विहीन राजनीति के समर्थन में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में जयपुर के शहीद स्मारक पर कांग्रेसजनों ने काली पट्टी बांधकर मौन सत्याग्रह किया। सत्याग्रह में राजस्थान प्रभारी सुखजिन्द्र सिंह रंधावा, सहप्रभारी काजी निजामुद्दीन, वीरेन्द्र सिंह राठौड़, अमृता धवन सहित राजस्थान सरकार के मंत्रीगण, विधायकगण, विधायक प्रत्याशीगण, प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुये।

इस अवसर पर मीडिया को सम्बोधित करते हुये राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि देश में जिस प्रकार का माहौल है लोकतंत्र के लिये चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों का ह्रास हो रहा है, विपक्ष के नेताओं की आवाज दबाने के लिये संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता श्री राहुल गॉंधी ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से सिर्फ यह सवाल किया था कि प्रधानमंत्री एवं उद्योगपति अडानी का क्या रिश्ता है तथा अडानी की कम्पनियों में 20 हजार करोड़ रूपया कहां से आया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पूछे गये सवालों के कारण भाजपा ने षड ?त्रपूर्वक श्री राहुल गॉंधी की संसद सदस्यता रद्द करवाकर उनके द्वारा उठाये गये प्रश्नों से बचने की कुचेष्टा की है। उन्होंने कहा कि राहुल गॉंधी की दादी पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गॉंधी तथा पिता पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गॉंधी ने देश की एकता एवं अखण्डता बनाये रखने के लिये अपने प्राणों की आहूति दे दी थी। उन्होंने कहा कि राहुल गॉंधी देश में प्रेम और भाईचारा बढ़ाने की बात करती है, लोगों की दुःख तकलीफें दूर करने के लिये जनता की आवाज केन्द्र सरकार के सामने उठाते हैं, किसानों की बात करते हैं, युवाओं की बात करते हैं तथा संविधान का अनुसरण हो यह बात करते हैं, ऐसे नेता के विरूद्ध भाजपा ने षड ?त्रपूर्वक संसद सदस्यता रद्द करने का कार्य किया है जिसकी जितनी निन्दा की जाये कम है। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गॉंधी ने स्पष्ट संदेश दिया है कि वे ना डरे हैं, ना झुकेंगे, सत्य के मार्ग पर चलेंगे, चाहे उन्हें कितनी भी यातनायें दी जायें अथवा उन्हें जेल में डाल दिया जाये। उन्होंने कहा कि सत्य को परेशान किया जा सकता है किन्तु पराजित नहीं किया जा सकता है, इसलिये राहुल गॉंधी की सदस्यता भी बहाल होगी और सुप्रीम कोर्ट से भी हमें न्याय मिलेगा तथा राहुल गॉंधी संसद में केन्द्र सरकार से वह सभी प्रश्न पूछेंगे जिनके 9 साल से भाजपा की सरकार जवाब नहीं दे रही है।



डोटासरा ने कहा कि श राहुल गॉंधी के समर्थन में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मौन सत्याग्रह रखा है तथा आगे भी जो लड़ाई सडक से लेकर संसद तक लड़ी जायेगी उसमें सभी कांग्रेसजन राहुल गॉंधी के समर्थन में खड़े होकर सत्य के मार्ग पर चलते रहेंगे। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश की निगाहें कांग्रेस पार्टी की ओर है तथा आने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी राजस्थान सहित छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश एंव तेलंगाना में सरकार बनायेगी, साथ ही वर्ष 2024 में केन्द्र की सत्ता से भाजपा की विदाई सुनिश्चित होगी।

### षडयंत्र रचकर संसद सदस्यता निरस्त करना दण्डनीय : प्रभारी सुखजिन्द्र सिंह रंधावा

मीडिया को सम्बोधित करते हुये राजस्थान प्रभारी सुखजिन्द्र सिंह रंधावा ने कहा कि राहुल गॉंधी के विरूद्ध भाजपा ने षड ?त्र रचकर संसद सदस्यता निरस्त करवाई जबकि राहुल गॉंधी देश के लोगों की आवाज उठा रहे हैं एवं देश के लोगों की गाढी कमाई का पैसा बैंकों से लेकर भागने वाले लोगों को भारत सरकार वापस क्यों नहीं लाई, प्रश्न उठा रहे हैं। उन्होंने प्रश्न किया कि नीरव मोदी एवं ललित मोदी देश का पैसा लेकर भाग गये, उन्हें वापस लाने के लिये केन्द्र सरकार ने क्यों अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की गलत नीतियों के विरूद्ध कांग्रेस पार्टी और अधिक मजबूती से मुद्दे उठायेगी तथा जिस प्रकार कर्नाटक में भाजपा को हराया है उसी तरह कांग्रेस पार्टी आने वाले चार राज्यों के चुनावों में भाजपा को हरायेगी तथा 2024 में लोकसभा चुनावों में भाजपा को हराकर केन्द्र की सत्ता से भाजपा सरकार को विदा करेगी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि कल दिनांक 13 जुलाई, 2023 को प्रातः 11 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गॉंधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्षगण की कार्यशाला आयोजित होगी। कार्यशाला को राजस्थान प्रभारी सुखजिन्द्र सिंह रंधावा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण सम्बोधित करेंगे।

## पंचाग

**दिनांकः 13जुलाई 2023 गुरुवार**

**विक्रम संवत2080 श्रावन कृष्ण पक्ष**

| | | | |
|---|---|---|---|
| तिथि | एकादशी | 18:24:15 | |
| पक्ष | कृष्ण | | |
| नक्षत्र | कृत्तिका | 20:51:02 | |
| योग | शूल | 08:50:55 | |
| करण | बव | 06:07:57 | |
| करण | बालव | 18:24:15 | |
| चन्द्र राशि | वृषभ | | |
| सूर्य राशि | मिथुन | | |
| दिशा शूल दक्षिण | | | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 05:42:41 | |
| सूर्यास्त | 19:22:19 | | |
| चंद्रोदय | 26:26:33 | | |
| चंद्रास्त | 15:47:47 | | |
| राहू काल | 14:15 - 15:57 | | |
| अभिजित | 12:05 - 12:59 | | |
| | **शुभ चोघडिया** | | |
| शुभ | 05:43 - 07:25 | | शुभ |
| चर | 10:50 - 12:33 | | शुभ |
| लाभ | 12:33 - 14:15 | | शुभ |
| अमृत | 14:15 - 15:57 | | शुभ |
| शुभ | 17:40 - 19:22 | | शुभ |



**विशेष जानकारी:-**
**एकादशी व्रत:-आज**

ज्योतिषाचार्य
**भानुप्रकाश शास्त्री**

## भागवत कथा के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित



**दैनिक सितारा न्यूज नेटवर्क**

**नारायणपुर (बिन्टू कुमार)।** कस्बे के राजपुरा मोहल्ले में स्थित माधवानंद आश्रम में साध्वी विदुषी सरस्वती के सानिध्य में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन को लेकर बुधवार को ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में 23 जुलाई से होने जा रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान साध्वी द्वारा भक्तों को भागवत कथा की व्यवस्थाओं को संभालने की जिम्मेदारी दी गई। साध्वी विदुषी सरस्वती ने बताया कि 7 दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारम्भ कलश यात्रा के साथ 23 जुलाई को होगा। कथा प्रतिदिन माधवानंद आश्रम में कथावाचक सुनीता बहन त्रिवेणी धाम द्वारा दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक सुनाई जायेंगी। कथा का समापन 30 जुलाई को भंडारे के साथ होगा।

श्रीमद् भागवत कथा को लेकर भक्तों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा हैं एवं तैयारी में जोर-शोर से लगे हुए हैं। वहीं बैठक से पूर्व श्री कृष्णा शिक्षा एवं ग्रामीण विकास समिति द्वारा आश्रम में अर्जुन (ताल) का पेड़ लगाया गया। इस मौके पर रोहिताश सैनी, सोहन लाल सैनी, रामनिवास प्रजापत, वैद्य भवानी शंकर शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, महेश सैनी, ललित शर्मा, कालू जोशी, गोपाल पारीक, योगेश सैनी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## दवा व्यापारियों हेतु फूड लाइसेंस कैंप का आयोजन आगामी 14 जुलाई को

**दैनिक सितारा न्यूज नेटवर्क**

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)** । दवा व्यापारियों हेतु फूड लाइसेंस कैंप का विशेष आयोजन राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजना शुद्ध के लिए युद्ध के अंतर्गत आयुक्तालय, खाद्य सुरक्षा एवम ड्रग कंट्रोल, राजस्थान एवं सीएमएचओ अजमेर डॉ ए के पिंगोलिया के निदेर्शानुसार 14 जुलाई को खंडेलवाल भवन नगर परिषद रोड ब्यावर में फूड लाइसेंस हेतु प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। ब्यावर के नोडल अधिकारी (खाद्य सुरक्षा) केसरी नंदन शर्मा ने बताया कि आयुक्तालय द्वारा जारी आदेशानुसार खाद्य पदार्थ एवम दवा के थोक व खुदरा विक्रेताओं के अधिक से अधिक लाइसेंस रजिस्ट्रेशन जारी करने के उद्देश्य से केमिस्ट एसोसिएशन ब्यावर के सहयोग से कैंप आयोजित किया जा रहा है। शिविर में मेडिकल स्टोर के साथ साथ फल सब्जी, किराना, डेयरी, रेस्टोरेंट, होटल, कैटरिंग, हलवाई, फास्ट फूड एवं अन्य सभी प्रकार के खाद्य पदार्थ विक्रेताओं को लाइसेंस रजिस्ट्रेशन जारी किए जाएंगे। जिन व्यवसाइयो का सालाना टर्नओवर 12 लाख रुपए से अधिक है उनका लाइसेंस जारी किया जाएगा।जिसकी वार्षिक फीस 2000 रुपए है।

उन्हें आधार कार्ड, परिसर का बिजली का बिल या किरायानामा की प्रति साथ में लानी होगा एवम फुटकर विक्रेता जिनका सालाना टर्नओवर 12 लाख रुपए से कम है उनका फूड रजिस्ट्रेशन जारी होगा जिसकी वार्षिक फीस 100 रुपए है।उन्हें आधारकार्ड की कॉपी एवम प्रोपराइटर की एक फोटो लानी होगी। शिविर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुशील चोटवानी एवं केसरीनंदन शर्मा द्वारा लाइसेंस संबंधी एवम फूड सेफ्टी नियमों की जानकारी दी जाएगी।

### एक माह में समाधान का मिला आश्वासन

## जलदाय विभाग के तकनीकी कर्मचारियों की मांगों को लेकर प्रदर्शन

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

जयपुर। जलदाय विभाग के तकनीकी कर्मचारियों की मांगों को लेकर बुधवार को ज्योति नगर अधिशासी अभियंता देवेंद्र शर्मा का राजस्थान वाटर वर्क्स कर्मचारी संघ जयपुर शहर अध्यक्ष सहीउद्दीन के नेतृत्व में सैकड़ों कर्मचारियों ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। सर्किल अध्यक्ष प्रभु सिंह रावत ने बताया कि डिवीजन के अधीन कार्य तकनीकी कर्मचारियों की समस्या काफी समय से लंबित थी जिसके संबंध में अधिशासी अभियंता देवेंद्र शर्मा को संघ की ओर से ज्ञापन दिया गया था, ज्ञापन में विभाग में नई भर्ती सेवानिवृत्त कर्मचारियों के समय पर भुगतान नहीं होने वेतन विसंगतियां दूर करवाने जर्जर पंप आवासों की रिपेयर करवाने सहित अन्य मांगों का समाधान नहीं हो रहा था, जिसे आक्रोशित कर्मचारी बुधवार को ज्योति नगर अधिशासी अभियंता कार्यालय के बाहर एकत्रित होकर अधिशासी अभियंता के खिलाफ जमकर नारेबाजी की कर्मचारियों का आक्रोश को देखते हुए अधिशासी अभियंता ने संबंधित सभी सहायक अभियंताओं को कार्यालय में बुलाया और संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठकर मांगों के संबंध में चर्चा की और सभी नई भर्ती का प्रस्ताव बनाकर सरकार के पास भेजने शेष मांगों का एक माह में निस्तारण करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर संघ के प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल शर्मा, उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह शेखावत शहर अध्यक्ष शसहीउद्दीन सर्किल अध्यक्ष प्रभु सिंह रावत विजय सिंह अजीत सिंह भंवर पूर्णिया मान प्रकाश सैनी ओमप्रकाश मीणा मदन चौधरी महेंद्र सिंह चित्रकूट गोकुल सिंह दिवाकर पारीक गोविंद प्रसाद सहित कई नेता उपस्थित रहे।



**रैणी प्रधान प्रतिनिधि मांगीलाल मीणा के सानिध्य में लगे पौधे**

## अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत दिल्ली-मुम्बई-बड़ोदरा हाई वे पर लगाए गए 1321 पौधे






**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना** । अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र के पिनान कस्बे से गुजर रहे दिल्ली- मुंबई(बडोदरा) एक्सप्रेस हाईवे के पिनान टोल प्लाजा पर आजादी का अमृत महोत्सव वृक्षारोपण कार्यक्रम में पर्यावरण सन्तुलन बनाए रखने की दृष्टि से वृक्षारोपण करते हुए रैणी प्रधान प्रतिनिधि मांगेलाल मीना (रिटायर्ड चीफ इंजीनियर पीडब्लूडी) के सानिध्य मे 1321 फलदार , छायादार पौधे लगाए। इस कार्यक्रम के दौरान रैणी प्रधान प्रतिनिधी मीना के साथ में सुनील कुमार मिश्रा (केसीसी के परियोजना प्रबंधक ठलअक) , गजेंद्र सिंह जादोन , देवेन्द्र सिंह चौहान , शिवदयाल डीलर , नूर मोहम्मद खान , भुट्टा खान , जयवर्धन सिंह, शाहरुख खान , सत्येन्द्र सिंह एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य ग्रामीण नागरिको ने वृक्षारोपण कर-के मातृभूमि को हरा भरा रखने का संदेश दिया। मिडिया को यह सारी जानकारी आरडी बैरावण्डा के द्वारा दी गई है।

### संस्था का लक्ष्य : हर विद्यार्थी को मिले रोजगार

## बढ़ते कदम: कैंपस प्लेसमेंट में 'वेलकम आईटीआई' फिर अव्वल

**76 विद्यार्थियों का अंतिम रूप से चयन हुआ, देश की कई नामी कंपनियां कर चुकी संस्था में प्लेसमेंट**

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**हाथोज।** क्षेत्र के वेलकम निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में केंपस प्लेसमेंट का आयोजन हुआ। इस कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन रेन्यू पॉवर कंपनी & जीनीयस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कंपनी द्वारा रखा गया था। कैंपस प्लेसमेंट में कंपनीयों द्वारा सभी विद्यार्थियों का प्रथम सिलेक्शन राउंड में लिखित परीक्षा व द्वितीय राउंड में साक्षात्कार लिया गया। इस कैंपस प्लेसमेंट में लगभग 130 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया जिसमें 76 विद्यार्थियों का अंतिम रूप से चयन हुआ। चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद रिक्रूटमेंट मैनेजर ने सभी को ऑफर लेटर दिए। इस मौके पर अंतिम रूप से चयनित विद्यार्थियों को संस्था निदेशक रामनिवास चौधरी ने सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि संस्थान का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाना है, संस्था द्वारा समय-समय पर नेशनल वह मल्टीनेशनल कंपनिओं के द्वारा रोजगार के लिए कैंपस प्लेसमेंट करवाये जाते हैं। सह निदेशक भागीरथ चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के अवसर कम मिलते हैं इसलिए छात्रों को रोजगार जब ही मिल पाता है जब उनमें काम करने की स्किल्स बढ़िया हो और प्रैक्टिकल ज्ञान अधिक दिया जाता है अभी तक 600 से अधिक छात्र-छात्राओं को केंपस प्लेसमेंट के तहत रोजगार उपलब्ध करवाया गया है, संस्था प्रधान नवरतन यादव तथा संस्थान के सभी अनुदेशकों ने बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।





गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### अलवर शहर विधायक संजय शर्मा ने कस्बे में ली भाजपाइयों की बैठक



सितारा न्यूज नेटवर्क

**लक्ष्मणगढ़।** अलवर शहर विधायक संजय शर्मा ने बुधवार को कस्बे के कठूमर रोड़ पर मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान को लेकर भाजपाइयों की बैठक ली। भाजपा युवा नेता राहुल पटेल हरसाना ने बताया कि बैठक के प्रारंभ में मुख्य अथिति विधायक संजय शर्मा, भाजयुमो के पूर्व जिला अध्यक्ष पं.जले सिंह, जिला मंत्री जितेंद्र राठौड़ , जिला मंत्री युवा मोर्चा अमित कश्मीरी , सचिन भरतपुरियाँ का माला एवं साफा पहनाकर युवा कार्यकताओं ने स्वागत एवं सम्मान किया। बाद में विधायक संजय शर्मा ने मेरा बूथ सबसे मजबूत को लेकर चर्चा की व केंद्र की मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुचाने की बात कही। इस दौरान युवा नेता भाजपा राहुल पटेल हरसाना, आनंद शेखावत, सचिन चौधरी , अमित खेड़ापति , गुलशन जाट , त्रिलोक सदावत सहित अनेक भाजपा समर्थक मौजूद रहे।

### नर्सिंग ऑफिसर ने जन्मदिवस पर लगाए पौधे

सितारा न्यूज नेटवर्क

**रींगस(अरविन्द कुमार)।** रींगस कस्बे के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत नर्सिंग ऑफिसर मोहन लाल यादव के द्वारा अपने जन्म दिवस के उपलक्ष पर पौधे लगाकर सार संभाल की जिम्मेदारी ली गई। नर्सिंग ऑफिसर मोहन लाल यादव ने बताया कि उसने अपने 43 वें जन्मदिवस पर 43 पौधें लगाकर पौधे से पेड़ बनने तक सार संभाल करने की जिम्मेदारी ली है। महरोली के कृष्ण नगर में ग्रामीणों ने भी पौधारोपण में नर्सिंग ऑफिसर का सहयोग करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। धरती को हरा भरा बनाने के उद्देश्य से नर्सिंग ऑफिसर ने आमजन से खुशी के अवसरों पर पौधारोपण करने की अपील की।



### ट्रांसफार्मर नहीं मिलने से नाराज लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**दो महीने से अंधेरे में रहने को मजबूर ग्रामीण**




सितारा न्यूज नेटवर्क

**लक्ष्मणगढ़।** घरेलू कनेक्शनों का ट्रांसफार्मर नहीं मिलने से परेशान हरसाना गांव के ग्रामीणों ने युवा भाजपा नेता राहुल पटेल के नेतृत्व में बुधवार को उपखंड अधिकारी कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन कर एसडीएम सुभाष यादव को ज्ञापन सौंपा।

राहुल पटेल हरसाना ने बताया कि हरसाना के मेवन का बास का घरेलू कनेक्शनों का ट्रांसफार्मर लगभग 2 माह पहले जलकर खराब हो गया था। ग्रामीणों के द्वारा ट्रांसफार्मर को विद्युत निगम कार्यालय में जमा कराने के बाद भी अभी तक दूसरा ट्रांसफार्मर नहीं मिला। ऐसे में लोग लगभग 2 माह से अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। साथ ही लोगों को इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी में खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इधर भी परेशान ग्रामीणों ने एसडीएम को बताया कि वो ट्रांसफार्मर के लिए विद्युत निगम के अधिकारियों के चक्कर लगा लगा कर थक चुके हैं। लेकिन उन्हें अभी तक ट्रांसफार्मर नहीं मिला। ज्ञापन में एसडीएम से ट्रांसफार्मर दिलवाने की मांग की। इधर ज्ञापन में जल्द ही ट्रांसफार्मर नहीं मिलने की स्थिति में स्टेट हाईवे 35 पर जाम लगाने की भी चेतावनी दी। इस दौरान युवा भाजपा नेता राहुल पटेल हरसाना , खिल्लु खान, अजय खेड़ापति, सचिन जाट, छूटमल, जाकर, महासिंह, काडा बंडा, पप्पू, आसम, रहीम मोडा, गुडमल्ली, विशाल, दीलिप पंडित सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### चॉकलेट-डे : सीडलिंग पब्लिक स्कूल में प्रतियोगिता के साथ मनाया



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर/ राहुल भोजक।** चॉकलेट जादू की दुनिया में कदम रखें चॉको शानदार कार्यक्रम के लिए सीडलिंग पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजन रखा गया। चॉकलेट-डे पर यह आयोजन रखा गया। सीडलिंग पब्लिक स्कूल में पहला कम्पटीशन चोको राइम स्प्री (कविता पाठ) दूसरा कम्पटीशन चॉको रैंप चीयर (रैंप वॉक) और बच्चो की मम्मी के लिए चॉको मॉमी डिलाइट (मदर्स चॉकलेट डेजर्ट प्रतियोगिता) रखी गई चॉकलेट थीम से पूरे स्कूल को सजाया गया। खनक भोजक को नोन स्टॉप शॉज टॉपर धमाकेदार एनर्जीटिक प्राइज दिया गया । भोजक परिवार सदस्य द्वारा खनक भोजक को शुभकामनाएँ दी गई परिवार सदस्यों ने सीडलिंग पब्लिक स्कूल प्रिंसिपल, वाईस प्रिंसिपल एवं पूरी टीम को धन्यवाद और आयोजन आयोजित करने के लिए शुभकामनाएँ दी।



**शहर के रावला चौक स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाएं बेपटरी**

# गार्डों की लापरवाही के चलते सीएचसी में जगह जगह खड़े नजर आते है दुपहिया वाहन

**चौमूं सीएचसी को वाहन पार्किंग स्थल कह दिया जाए तो कोई अतिशयोक्ति नही : आमजन**







EXCLUSIVE
सितारा न्यूज नेटवर्क

सितारा न्यूज नेटवर्क

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर )।** शहर के रावला चौक स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी ) बहुत लम्बे समय से स्वास्थ्य केंद्र कम वाहन पार्किंग स्थल ज्यादा नजर आता है । जहां हर कोई आने वाला अपनी अपनी सहूलियत से सीएचसी कैंपस में अपने वाहनों को खड़ा करता है । सीएचसी मे जहां देखों वही बेतरतीब तरीके से अक्सर दो पहिया वाहन खड़े नजर आते हैं ।जहां सीएचसी में आने वाले मरीजों के मरीज के परिजनों के लिए बैठने की व्यवस्था कम वहीं दुपहिया वाहनों के लिए छायादार व पंखों के नीचे वाले मेदान नजर आते हैं जहां अक्सर दो पहिया वाहन खड़े नजर आते हैं । वैसे सीएचसी में ऐसी कोई जगह नहीं है जहां दुपहिया वाहन खड़े ना होते हो । चाहे वो फिर वो इमरजेंसी के सामने वाला दालान हो या दवा खिड़कियों के बाहर वाला या लेबर रूम के सामने वाला दालान यहां तक कि सीएचसी के कोने कोने में दुपहिया वाहन खड़े नजर आते है । बता दे कि शहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले मरीजों के परिजनों से लेकर सीएचसी स्टाफ तक सभी अपने अपने वाहनों की पार्किंग अपनी अपनी मनमर्जी व सुविधा के अनुसार करते नजर आते हैं । सीएचसी इंचार्ज की अनदेखी के चलते सामान्य आम नागरिक से लेकर हॉस्पिटल स्टाफ तक अव्यवस्थाओं का भरपूर फायदा उठाते हुए सीएचसी की व्यवस्थाओं का हर रोज मखौल उड़ाता नजर आता है । चौमूं सीएचसी में कहने को तो गार्ड है मगर व्यवस्थाओं के नाम पर गार्ड कहीं नजर नहीं आते । जिसके चलते वाहन तो वाहन कई मर्तबा अस्पताल में आवारा पशु भी भी विचरण करते नजर आ जाते हैं ।



गार्डों की लापरवाही और इंचार्ज की सरपरस्ती के चलते गार्ड भी मनमर्जी से अव्यवस्थाओं में योगदान देते नजर आते हैं । देखा जाए तो अस्पताल की व्यवस्था को सुधारने को लेकर इंचार्ज के पास या तो समय ही नहीं है या फिर अव्यवस्थाओं से उनका तालमेल इतना अच्छा बैठता है कि व्यवस्थाओं के बारे में सोचने की उन्हें फुर्सत नहीं मिलती ऐसी ही अव्यवस्थाओं के चलते कहीं सरकार ने चौमूं को सीएचसी से क्रमोन्नत कर उप जिला अस्पताल तो नहीं बना दिया। सीएचसी का तो भगवान ही मालिक है । ना तो यहां के जनप्रतिनिधि सीएचसी की कभी सुध लेते है ना ही कोई प्रशासनिक अधिकारी ` आमजन का कहना है वोटों के लिए जो नेता एक्टिव रहते है वे भी आकर कभी सीएचसी की सुध नही लेते कभी यहां की अव्यवस्थाओं का जायजा नही लेते । चौमूं सीएचसी का तो यह हाल है कि राम करे सो होय ।



### मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत भाजपा नेता रामविलास मीणा का जनसंपर्क अभियान



सितारा न्यूज नेटवर्क

**वरुण कामदार/रामगढ़ पचवारा।** केन्द्र सरकार के सफलतम 9 साल पूर्ण होने पर विशेष जनसंपर्क अभियान मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत चौथे दिन बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के बूथ आभानेरी कंवरपुरा सुल्तापुरा डाबर कला नेहडी जसंवतपुरा निजामपुरा अरण्या कलां गोपालपुरा निचूनिया गुढा सम्पतपुरा सिंगपुरा कालूवास मोहम्मदपुरा मे केन्द्र सरकार की उपलब्धिया एवं बूथ मजबूत पर कार्यकर्ताओ के साथ संवाद किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ. प्रभुदयाल शर्मा, जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, भाजपा नेता रामबिलास मीना डूंगरपुर मंडल अध्यक्ष लड्डू राम मीना मंडल अध्यक्ष दौलतपुरा रामखिलाडी मीना फूल मीना बाबूशंकर शर्मा राममनोहर शर्मा रामकेश मीना पंचायत समिति सदस्य पूनी राम मीना श्याम लाल मीना रोशन लाल मीना कैलाश बालाजी लोहडीराम रामविलास शर्मा सहित कई कार्यकता मौजूद रहे।



**भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ प्रभुदयाल शर्मा और जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने कार्यकताओं से किया संवाद...**

### प्रदेशाध्यक्ष द्वारा विराठ अग्र महाकुंभ के पोस्टर का विमोचन संपन्न

**जयपुर पहुँचने का किया आह्वान**





सितारा न्यूज नेटवर्क

**धौलपुर/अंकित गोयल।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा जयपुर में 23 जुलाई को आयोजित होने वाले विराठ अग्र महाकुंभ के लिए पूर्वी राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष गिरीश गर्ग ने निर्वाचित युवा ज़िला अध्यक्ष डॉ प्रखर मंगल एवं उनकी टीम द्वारा बनाए गए अग्र महाकुंभ के पोस्टर का विमोचन किया।

प्रदेश अध्यक्ष गिरीश गर्ग ने कहा आज हमारा समाज सबसे ज्यादा टैक्स देता है फिर भी हमारे व्यवसायी भाइयों की कोई सुरक्षा नहीं है और ना ही राजनीति में कोई अहमियत है इसलिए अब समय आ गया है कि हम को अपनी ताकत दिखानी है । धौलपुर जिला संयोजक ऋषि मित्तल ने कहा कि आने वाली 23 जुलाई को अधिक से अधिक संख्या में युवा जयपुर पहुँचे ।निर्वाचित जिला अध्यक्ष डॉ प्रखर मंगल ने बताया कि वह अपनी टीम व प्रदेश अध्यक्ष की टीम के साथ पिछले तीन चार दिनों से ज़िले कि सभी इकाइयों में जाकर संपर्क कर रहे हैं और युवा साथियों को अधिक से अधिक संख्या में 23 जुलाई को जयपुर पहुँचने का आग्रह कर रहे हैं जिला अग्रवाल महासमिति के पूर्वमहामंत्री मास्टर नेमीचंद अग्रवाल ने कहा सभी अग्र बंधु आपसी मतभेद को भुलाकर एकजुट होकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में अग्र महाकुंभ जयपुर के लिए प्रस्थान करें अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेश गर्ग द्वारा धौलपुर ज़िले की सभी इकाइयों को साथ लेते हुए अग्र महाकुंभ को सफल बनाने की अपील की। पोस्टर विमोचन कर प्रदेश अध्यक्ष द्वारा अग्र महाकुंभ का प्रचार प्रसार हेतु पोस्टर ऑटो टेम्पो पर चस्पा किए विमोचन कार्यक्रम में जिला पूर्व महामंत्री मुकेश गोयल, धौलपुर कोठी इकाई अध्यक्ष हरिओम अग्रवाल, पूर्व युवा जिला उपाध्यक्ष कमल सिंहल, पूर्व जिला महामंत्री प्रयास अग्रवाल, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष सौरव सिंहल, प्रदेश युवा प्रवक्ता सुनील जिंदल सरमथुरा ,युवा व्यवसायी आकाश गर्ग आदि अग्र बंधु उपस्थित रहे।

### अटल भूजल योजना के अन्तर्गत एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण एवं क्षमता वर्धन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

सितारा न्यूज नेटवर्क

**सैपऊ/अंकित गोयल।** आज दिनांक 12 जुलाई 2023 को पंचायत समिति सभागार सैपऊ में सिचाई प्रबन्धन एवं प्रशिक्षण संस्थान कोटा (आइएमटीआई कोटा) एवं जिला कार्यक्रम प्रदान ईकाई धौलपुर (डीपीएमयू धौलपुर) के तत्वाधान में अटल भूजल योजना के अन्तर्गत एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण एवं क्षमता वर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रातः 11:30 बजे विकास अधिकारी अनूप कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का संचालन शैलेन्द्र धारगवे उपनिदेशक भूजल विभाग आईएमटीई कोटा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सहभागी विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के शुभारम्भ में योगेश मनात नोडल अधिकारी डीएमयू अटल भूजल योजना धौलपुर के द्वारा धौलपुर जिले में अटल भूजल योजना की विस्तृत जानकारी देते हुये योजना के अन्तर्गत प्रगति एवं अगले वित्तीय वर्ष में योजना के क्रियान्वयन पर प्रस्तुतिकरण प्रदान की। नोडल अधिकारी द्वारा बताया गया कि गिरते हुये भूजल स्तर को रोकने के लिये ग्राम पचायत स्तर पर जन सहभागिता के साथ यह योजना कितनी सार्थक एवं आवश्यक है तथा योजना के प्रोत्साहक पटक जल माँग अधारित पूर्ति कृषि के लिए कुशलतम जल प्रबन्धन हेतु फव्वारा ,बंद-बूंद सिंचाई ,पाइपलाइन इत्यादि जल मांग आपूर्ति कृत्रिम भूजल पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण जैसे परकोलेशन टैंक ,रिचार्ज शॉफ्ट पॉन्ड, एनीकट इत्यादि संरचनाओं का निर्माण कर गिरते भूजल को रोका जा सकता है तथा इन कार्यो को ग्राम पचायतों की जल सुरक्षा योजना में सम्मिलित कर परियोजना के लक्ष्य हासिल किये हो सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों द्वारा अटल भूजल योजना के संबन्ध में एक दूसरे के विचार विमर्श आपसी समन्वय से किस प्रकार गिरते भूजल स्तर को रोका जाये इस पर चर्चा की गई कार्यक्रम में ग्राम विकास अधिकारी, कृषि पर्यवेक्षको एवं सहभागी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। देवेन्द्र सिंह परमार सहायक कृषि अधिकारी कृषि विभाग सैपऊ के द्वारा परियोजना क्रियान्वयन में पर आ रही समस्याओं से अवगत कराया।



अटल भूजल योजना धौलपुर के कृषि विशेषज्ञ राम किशोर गोस्वामी द्वारा उ़छक#3 एवं उ़छक#4 के बारे में बताया एवं अटल भूजल योजना के सहभागी विभागों की भूमिका के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी साथ ही माइक्रो इरिगेशन को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया और विभागों के कार्यो की विस्तृत प्रगति प्रस्तुत की एवं कल्याण सिंह द्वारा आईईसी गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया एवं जनभागीदारी से जल प्रबन्धन कार्यक्रम में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाना एवं जल के प्रति समुदाय के व्यवहार में परिवर्तन के द्वारा गिरते जल स्तर को रोका जा सके। कार्यक्रम के अन्त में हंसराज मीना उपनिदेशक सांख्यिकी (आईएमटीआई कोटा) के द्वारा सत्र में प्रश्न आमंत्रित किये गये एवं कार्यक्रम में भाग लेने वाले समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### आस्था के मंदिर में कमर्शियल दुकान नहीं बनने देंगे:

**जोधपुर।** जोधपुर के रातानाडा गणेश मंदिर में प्रस्तावित विकास कार्यों में कॉमर्शियल दुकानें बनाने और मसाला चौक विकसित करने को लेकर पुजारी परिवार का विरोध सामने आया है। वहां रहने वाले लोगों और पुजारी परिवार के सदस्यों ने बताया कि आस्था के मंदिर में कमर्शियल दुकानें होने पर गंदगी बढ़ेगी और पर्यटन स्थल बन जाएगा। जिससे कि मंदिर की पवित्रता भंग हो सकती है। पुजारी परिवार के सदस्यों ने जिला प्रशासन को एक बार पत्र लिखकर इस पर अपनी आपत्ति दर्ज करवा दी है। गणेश मंदिर के पुजारी महेश अबोटी ने बताया कि राजस्थान सरकार और प्रशासन की ओर से मंदिर के आसपास विकास कार्य करवाए जा रहे हैं जो कि अच्छी बात है। लेकिन कुछ व्यवसायिक दुकाने खोले जाने के भी समाचार है और उसे नक्शे में शामिल किया गया है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# खाद्य महंगाई पर लगाम लगाए केंद्र

केंद्र सरकार के रियायती दरों पर टमाटर बेचने के फैसले से इसकी आसमान छूती कीमतों पर लगाम लगाने में मदद मिल सकती है, लेकिन इससे खाने पीने की महंगाई पर अंकुश लगने की उम्मीद कम दिख रही है। केंद्र सरकार शुक्रवार से राष्ट्रीय राजधानी और कुछ अन्य शहरों में रियायती दरों पर टमाटर की बिक्री करेगी। कुछ शहरों में इस प्रमुख खाद्य उत्पाद की कीमत 200 रुपये प्रति किलोग्राम से भी अधिक हो गई है। टमाटर की बिक्री राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नेफेड) और राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ (एनसीसीएफ) की तरफ से की जाएगी। दिल्ली एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल में टमाटर रियायती दरों पर बेचे जाएंगे। इसके अलावा पटना, वाराणसी, कानपुर और कोलकाता में भी रियायती टमाटर उपलब्ध होंगे। नेफेड और एनसीसीएफ दोनों कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र के प्रमुख उत्पादक केंद्रों से टमाटर खरीदेंगे और इसे उन बाजार स्थलों में बेचेंगे जहां खुदरा कीमतें पिछले एक महीने में सबसे अधिक बढ़ी हैं। सरकार यह बिक्री 30 फीसदी कम कीमत पर करेगी, हालांकि तब भी टमाटर के भाव आसमान पर ही होंगे और आम गरीब व मध्यवर्ग इसे अफोर्ड नहीं कर पाएंगे। वैसे बरसात के सीजन में सभी प्रकार की सब्जियों व फल की कीमतें बढ़ जाती हैं, क्यों कि वर्षा की वजह से फसल व आपूर्ति सिस्टम दोनों प्रभावित होते हैं। यही वजह है कि जून में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 4.81 प्रतिशत पर पहुंच गई है जो तीन माह का उच्च स्तर है। इसके पीछे भी वजह खाद्य उत्पादों की कीमतों में बढ़ोत्तरी है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े में उछाल आना बताता है कि रिजर्व बैंक के मौद्रिक प्रयास बहुत प्रभावी नहीं है। मई में खुदरा मुद्रास्फीति 4.31 प्रतिशत रही थी जबकि साल भर पहले जून, 2022 में यह सात प्रतिशत थी। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, जून में खाद्य उत्पादों की मुद्रास्फीति 4.49 प्रतिशत रही जबकि मई में यह 2.96 प्रतिशत थी। जून में खुदरा मुद्रास्फीति की दर बढ़ने के बावजूद बेशक यह दर रिजर्व बैंक के छह प्रतिशत के संतोषजनक स्तर के नीचे है, लेकिन जमीनी हकीकत है कि लहसुन व टमाटर समेत सब्जियों के दाम उच्च स्तर पर हैं। रिजर्व बैंक ने पिछले महीने की मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर कायम रखा था। इसके साथ ही उसने अप्रैल-जून तिमाही में खुदरा मुद्रास्फीति के 4.6 प्रतिशत पर रहने का अनुमान जताया था। महंगाई अनुमान से अधिक स्तर पर है। आर्थिक मोर्चे पर अच्छी खबर यह है कि औद्योगिक उत्पादन मई में 5.2 प्रतिशत बढ़ा है। विनिर्माण और खनन क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन से देश में औद्योगिक उत्पादन मई में 5.2 प्रतिशत बढ़ा, जो इससे पिछले महीने अप्रैल में 4.5 प्रतिशत बढ़ा था। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आधार पर मापा जाने वाला औद्योगिक उत्पादन का बढ़ना बताता है कि वह कोविड के प्रभाव से बाहर निकल गया है। हालांकि महंगाई थामने के लिए रिजर्व बैंक द्वारा रेपो रेट अधिक स्तर पर रहने के कारण उद्योग जगत को कर्ज महंगी दर पर मिल रहे हैं, अगर रेपो रेट कम होते तो कर्ज पर ब्याज दर भी कम होती। कर्ज महंगा का सीधा स्तर अर्थव्यवस्था की रफ्तार पर पढ़ती है। अभी जरूरत महंगाई थामने की है। सरकार को चाहिए कि आपूर्ति सिस्टम ठीक करे और अनाज के साथ-साथ फल व सब्जियों के भंडारण का भी विशेष इंतजाम करे। देश में भंडारण क्षमता की कमी के चलते अनाज व फल व सब्जियों दोनों की बर्बदी होती है। देश में शीत भंडार की भारी कमी है। टमाटर की कीमत से सबक ले सरकार।

## एनसीपी में बगावत

चेतनादित्य आलोक



# सत्ता की 'महत्वाकांक्षा' के आगे बेबस परिवारवादी दल

दो जुलाई को अजित राव पवार ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री के रूप में पिछले पांच वर्षों के भीतर तीसरी बार शपथ ली। उन्होंने तीनों ही बार अलग-अलग मुख्यमंत्रियों क्रमशः देवेन्द्र फड़णवीस, उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे का नेतृत्व स्वीकार किया। वैसे इस बार कयास ऐसे लगाये जा रहे हैं कि न तो अजित पवार शिंदे के अधीन कार्य करने में सहज महसूस करेंगे और न ही एकनाथ शिंदे अजित पवार के साथ सरकार में रहकर खुश रहेंगे। हालांकि अजित ने अब तक ऐसा कुछ कहा तो नहीं है, किंतु शिंदे की ओर से उनकी मंशा अवश्य जाहिर कर दी गयी है कि वे एनसीपी के साथ गठबंधन में नहीं करना चाहते। हालांकि फिलहाल उन्हें मना लिया गया है। बहरहाल, इस प्रसंग का एक छोर सीधे-सीधे उस विपक्षी गठबंधन से जुड़ा हुआ है, जो हाल ही में भाजपा के विरुद्ध पटना में लामबंद हुआ था। उस विपक्षी गठबंधन के नेताओं को विश्वास ही नहीं हो रहा कि शरद पवार की नाक के नीचे से उनकी पार्टी के नेता सरकते चले गये।

दरअसल, शरद राव पवार का महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा दखल जो रहा है। इतना कि उनके समक्ष कभी कोई टिका ही नहीं। इसीलिए तो लोगों को यह भरोसा ही नहीं हो पा रहा है कि वे आखिर इतने कमजोर और ढीले कैसे पड़ गये कि उनकी आंखों के सामने ही उनकी पार्टी के दो टुकड़े हो गये, लेकिन सच यही है। इसलिए बेहतर तो यही होगा कि जितनी जल्दी हो सके सुप्रिया सुले तथा शरद पवार इस सच को स्वीकार कर लें। वैसे भारतीय राजनीति में विद्रोह के कारण राजनीतिक दलों का टूटना कोई नयी बात नहीं है। सर्वप्रथम कांग्रेस में स्वतंत्रता संग्राम के दौरान दरार पड़ी थी, जो आजादी के बाद भी वह कई बार टूटती रही। आंध्र में टीडीपी के संस्थापक एनटीआर के विरुध उनके ही दामाद चंद्रबाबु नायडु ने विद्रोह कर पार्टी तोड़ दी थी। सीएन अन्नादुरई के निधन के बाद द्रमुक दो फाड़ हो गयी, जिसके बाद एमजी रामचंद्रन ने अन्नाद्रमुक बना ली थी। अपना दल की मां-बेटी में अनबन के बाद दल टूट गया था। अखिलेश यादव ने पिता मुलायम सिंह यादव के विरुद्ध विद्रोह करके पार्टी हथिया ली थी।

स्वयं शरद पवार ने 1978 में बसंत दादा पाटील की सरकार के विरुद्ध बगावत कर सरकार गिरायी और स्वयं मुख्यमंत्री बन बैठे थे। 1999 में सोनिया गांधी को प्रधानमंत्री बनने से रोकने के लिए भी उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व के विरुद्ध बगावत कर एनसीपी बना ली थी। वैसे देखा जाये तो दलों में तोड़-फोड़ की पटकथा लिखने वाले वे ही लोग रहे हैं, जो कभी पार्टी प्रमुखों के विशेष पसंदीदा और उनकी तमाम चालों के प्रमुख पैरोकर एवं कर्ता-धर्ता हुआ करते थे। उदाहरण के लिए जब 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद के घटनाक्रम में अपने विधायकों को टूट से बचाने के लिए चाहे समुद्र किनारे रंग शारदा होटल में छिपाकर रखना हो अथवा मड-आइलैंड में, दल के मुखिया उद्धव ठाकरे ने यह जिम्मा अपने सबसे विश्वास-पात्र रामदास कदम और एकनाथ शिंदे को सौंपा था। जून 2022 में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में ही शिवसेना के टूट की पटकथा लिखी गयी और आज वे मुख्यमंत्री हैं।

दूसरी ओर एनसीपी में शरद राव पवार के सबसे विश्वास-पात्र अजित पवार रहे हैं, किंतु पिछली बार पार्टी को तोड़ने का प्रयास करने के बाद जब उन्होंने शरद पवार का विश्वास खो दिया, तब शरद ने दिलीप वाल्से पाटिल, प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल, धनंजय मुंडे एवं हसन मुशरिफ जैसे नेताओं को आगे कर पार्टी को एकजुट रखा, लेकिन समय पुनः साक्षी बना कि कैसे शरद राव पवार के वही सारे निकटतम और विश्वासी नेता पार्टी में टूट की पटकथा लिखने में पल-पल अजित पवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलते रहे। सबसे बड़ी बात तो यह कि शरद पवार अथवा उनके अन्य निकटतम नेताओं या उनकी बेटी सुप्रिया सुले को पार्टी के टूटने की भनक तक नहीं लगी। इस प्रकार के स्वार्थ से प्रेरित कृत्य लोकतंत्र के लिए बड़े ही घातक माने जाते रहे हैं, परंतु सच कहें तो चाहे शिवसेना हो या एनसीपी, कांग्रेस हो या नेशनल कौंफ्रेंस, पीडीपी हो या टीएमसी, राजद हो या झामुमो अथवा कोई अन्य परिवारवादी दल, उनका टूटना और बिखर जाना भारत जैसे लोकतांत्रिक देश के लिए अंततः कल्याणकारी ही साबित होने वाला है, क्योंकि ऐसे परिवारवादी दलों का एक ही लक्ष्य होता है कि येन-केन-प्रकारेण सत्ता।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# खाद्य सुरक्षा मजबूत करे भारत



## जी-20 कृषि

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

इन दिनों विभिन्न वैश्विक रिपोर्टों और सम्मेलन में भारत को मजबूत खाद्य सुरक्षा वाले देश के साथ-साथ खाद्यान्न संकट का सामना करने वाले देशों के लिए आदर्श मददगार के रूप में रेखांकित किया जा रहा है। लेकिन खाद्य सुरक्षा के लिए भारत को जिन बातों पर भी ध्यान देना होगा, उनमें पोषण, सतत कृषि उत्पादन के लिए जलवायु अनुकूल प्रौद्योगिकियाँ, कृषि प्रणाली मॉडल पर केंद्रित जलवायु स्मार्ट दृष्टिकोण, हरित तथा जलवायु अनुकूल कृषि के लिए वित्तपोषण, छोटे और सीमांत किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए अवसंरचना को मजबूत करने और प्रौद्योगिकी साझा करने के लिए अधिक निवेश, समावेशी कृषि मूल्य, एग्री डिजिटलीकरण, डिजिटल तकनीक आदि शामिल हैं।

इन दिनों खाद्यान्न संकट की चुनौतियों से संबंधित विभिन्न वैश्विक रिपोर्टों और वैश्विक सम्मेलन में भारत को मजबूत खाद्य सुरक्षा वाले देश के साथ-साथ खाद्यान्न संकट का सामना करने वाले देशों के लिए आदर्श मददगार के रूप में रेखांकित किया जा रहा है। हाल ही में हैदराबाद में आयोजित जी-20 कृषि मंत्रियों के सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस समय जब दुनिया के सामने खाद्य सुरक्षा की चिंताएं उभरकर दिखाई दे रही हैं, तब भारत बैक टू बेसिक्स एंड मार्च टू फ्यूचर की नीति के साथ देश की खाद्य सुरक्षा मजबूत बनाते हुए दुनिया की खाद्य सुरक्षा में भी मदद कर रहा है। इस सम्मेलन में केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि देश में कृषि-विविधता को बढ़ावा, कृषि क्षेत्र में प्रभावी नीतियों, डिजिटल कृषि आदि से किसानों को लाभ मिल रहा है और देश में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है। ऐसे में निश्चित रूप से इस परिप्रेक्ष्य में पिछले दिनों 31 मई को भारत सरकार के द्वारा स्वीकृत सहकारी क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी खाद्यान्न भंडारण क्षमता बनाने की योजना भारत ही नहीं दुनिया की खाद्य सुरक्षा में भी मील का पत्थर साबित होगी।

यह कोई छोटी बात नहीं है कि विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष संहित दुनिया के विभिन्न सामाजिक सुरक्षा के वैश्विक संगठनों के द्वारा भारत की खाद्य सुरक्षा की जोरदार सराहना की जा रही है। भारत में जहाँ कोरोना काल में 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को मुफ्त अनाज दिया गया, वहीं इस वर्ष जनवरी 2023 से वर्षभर गरीबों की खाद्य सुरक्षा तथा आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के लिए मुफ्त अनाज वितरित किया जा रहा है। वर्ष 2023 में वर्षभर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत आने वाली देश की दो तिहाई आबादी को राशन प्रणाली के तहत मुफ्त में अनाज देने की यह पहल दुनिया भर में रेखांकित की जा रही है।

निसंदेह एक ऐसे समय में जब दुनिया के कई देशों में खाद्यान्न की कमी बनी हुई है, तब भारत वैश्विक खाद्य सुरक्षा में भी अहम भूमिका निभा रहा है। संयुक्त राष्ट्र की संस्था इंटरनेशनल फंड ऑफ एग्रीकल्चरल डेवलपमेंट के मुताबिक पिछले साल 2022 में भारत ने गेहूं की भारी कमी झेल रहे दुनिया के 18 देशों को गेहूं भेजा है। भारत आज दुनिया में जहाँ चीन गेहूँ का सबसे बड़ा उत्पादक देश है, वहीं भारत गेहूँ का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है, रूस तीसरे नंबर पर है। भारत दुनिया का 9वाँ सबसे बड़ा खाद्यान्न निर्यातक देश भी है।

देश में लगातार बढ़ता हुआ रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन भारत की खाद्य सुरक्षा को मजबूती प्रदान कर रहा है, साथ ही इसी आधार पर भारत से दुनिया की अपेक्षाएं भी लगातार बढ़ रही हैं। चालू कृषि वर्ष 2022-23 में 3305.34 लाख टन खाद्यान्न उत्पादन का अनुमान है। जो देश में अब तक रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन है। कृषि वर्ष 2022-23 में चावल का कुल उत्पादन (रिकॉर्ड) 1355.42 लाख टन होने का अनुमान है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 60.71 लाख टन अधिक है। देश में गेहूं का



उत्पादन (रिकॉर्ड) 1127.43 लाख टन अनुमानित है जो पिछले वर्ष के उत्पादन की तुलना में 50.01 लाख टन अधिक है। न्यूट्री/मोटे अनाज का उत्पादन 547.48 लाख टन अनुमानित है जो पिछले वर्ष के उत्पादन से 36.47 लाख टन अधिक है। 2022-23 के दौरान कुल दलहन उत्पादन 275.04 लाख टन अनुमानित है जो पिछले वर्ष के 273.02 लाख टन के उत्पादन से 2.02 लाख टन अधिक है। साथ ही इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष (इंटरनेशनल मिलेट्स ईयर) 2023 जिस तरह उत्साहवर्द्धक रूप से आगे बढ़ रहा है तथा उत्पादन बढ़ाने के विशेष प्रयास हो रहे है, अधिक धन आबंटन तथा विशेष कार्ययोजनाएँ लागू की गई हैं, उनसे भी मोटा अनाज का उत्पादन छलांगे लगाकर बढ़ेगा और इन सबके कारण अधिक खाद्य सुरक्षा का विश्वास बढ़ेगा।

गौरतलब है कि नई खाद्यान्न भंडार क्षमता योजना लगभग एक लाख करोड़ रुपये के खर्च के साथ शुरू होगी। इस समय देश का खाद्यान्न उत्पादन लगभग 3,100 लाख टन है, जबकि भंडारण क्षमता कुल उत्पादन का केवल 47 प्रतिशत ही है। यद्यपि भारत दुनिया का प्रमुख खाद्यान्न उत्पादक देश है, लेकिन खाद्यान्न भंडारण में बहुत पीछे है। अनाज के अन्य बड़े उत्पादक देशों चीन, अमेरिका, ब्राजील, यूक्रेन, रूस और अर्जेन्टीना के पास खाद्यान्न भंडारण क्षमता वार्षिक उत्पादन की मात्रा से कहीं अधिक है।

ऐसे में जब देश में खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड बना रहा है, तब खाद्यान्न भंडारण की अधिक क्षमता भी जरूरी है। यदि हम देश की आजादी के बाद से अब तक देश की खाद्यान्न भंडारण व्यवस्था और इसकी चुनौतियों का अध्ययन करें तो ऐसी कई रिपोर्टें दिखाई देती हैं, जो भंडारण की पर्याप्त सुविधा न होने कारण भारत में पिछले कई दशकों से खाद्यान्न की भारी बर्बादी के विवरण पेश करती हैं। भारत में किसान कड़ी मेहनत कर खाद्यान्न उगाते हैं लेकिन 12 से 14 फीसदी तक अन्न बर्बाद हो जाता है। ऐसे में देश में खाद्यान्न भंडारण की जो क्षमता फिलहाल 1450 लाख टन की है, उसे अगले 5 साल में सहकारी क्षेत्र में 700 लाख टन अनाज भंडारण की नई क्षमता विकसित करके कुल खाद्यान्न भंडारण क्षमता 2150 लाख टन किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को पाने के लिए प्रत्येक प्रखंड में 2000 टन क्षमता का गोदाम स्थापित किया जाएगा। इस योजना के क्रियान्वयन में प्राथमिक कृषि ऋण समितियां (पैक्स) अहम भूमिका होगी। देश में करीब एक लाख पैक्स हैं। पैक्स के स्तर पर भंडार गृह, प्रसंस्करण इकाई आदि कृषि व्यवस्थाएँ निर्मित करके पैक्स को बहुतउद्देशीय बनाया जाएगा ओर खाद्यान्न भंडारण में विविधता लाई जाएगी।

ऐसे में अब खाद्य सुरक्षा को और मजबूत बनाने में नई भंडारण क्षमता की भूमिका महत्वपूर्ण है, वहीं खाद्य सुरक्षा के लिए जिन कई और बातों पर भी ध्यान देना होगा, उनमें पोषण, सतत कृषि उत्पादन के लिए जलवायु अनुकूल प्रौद्योगिकियाँ, कृषि प्रणाली मॉडल पर केंद्रित जलवायु स्मार्ट दृष्टिकोण, हरित तथा जलवायु अनुकूल कृषि के लिए वित्तपोषण, छोटे और सीमांत किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए अवसंरचना को मजबूत करने और प्रौद्योगिकी साझा करने के लिए अधिक निवेश, समावेशी कृषि मूल्य श्रृंखलाएं कृषि बदलाव हेतु डिजिटलीकरण,कृषि-खाद्य क्षेत्र को बदलने के लिए नई डिजिटल तकनीकों का लाभ आदि। हम उम्मीद करें कि भारत में सरकार द्वारा सहकारी क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी खाद्यान्न भंडारण क्षमता के निर्माण से जहाँ भारत में खाद्यान्न की बर्बादी कम होगी, वहीं भारत वैश्विक खाद्य सुरक्षा में भी बड़ा मददगार होगा।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


## स्वयं को भगवान के चरणों में अर्पित करना ही ज्ञान है



संकलित
**दर्शन**

सर्व सामर्थ्य होते हुए भी अहंशून्य होकर स्वयं को भगवान के चरणों अर्पित कर देना ही ज्ञान, भक्ति और कर्म की परिपूर्णता है। भगवान के परम भक्त बालिपुत्र अंगद ने रावण की सभा में अपना एक पैर रोपकर अपने मुष्टिप्रहार से रावण के दसों मुकुटों को सिर से गिरा दिया था, वहीं चार मुकुटों को बीच में उछालकर भगवान के पास भेज दिया था। लंका से लौटकर आए अंगद से जब भगवान श्रीराम ने पूछा कि तुमने ये मुकुट कहां और कैसे प्राप्त किए, तब अंगद ने धर्म और ईश्वर से विमुख व्यक्ति की तात्विक व्याख्या की है। अंगद विनम्र भाव से कहते हैं, प्रभु! ये चार मुकुट नहीं, राजनीति के चार पद हैं, जिन पर चलकर व्यक्ति व्यवहार करते हुए भी परमार्थ को प्राप्त कर लेता है। रावण आपसे और धर्म से विमुख हो चुका है, इसलिए राजनीति के चारों चरणों (साम, दाम, दंड और भेद) का दुरुपयोग कर रहा था, इस कारण मुकुट के रूप में ये चारों उसको छोड़कर आपकी शरण में आ गए हैं। रावण ने शेष छह मुकुट जो सिर पर धारण कर रखे हैं, वे साधक के जीवन में रहने वाली षड्संपत्ति (शम, दम, उपरति, तितीक्षा, श्रद्धा और समाधान) हैं। चूंकि रावण उनका भी दुरुपयोग कर रहा था, इसलिए ये षड्संपत्ति न रहकर विकार बनकर रावण के सिर पर शासन कर रहे हैं, जो उसके विनाश के कारण बनेंगे। मेरे प्रभु! गुण तो केवल वे ही हैं, जिन्हें आपने स्वीकारा है। शेष सब अवगुण ही हैं।

## पति-पत्नी के बीच अविश्वास नहीं होना चाहिए



संकलित
**प्रेरणा**

शिव जी और सती को रास्ते में श्रीराम दिखाई दिए। श्रीराम सीता के वियोग में रो रहे थे। शिव जी ने श्रीराम को दूर से ही प्रणाम किया और देवी सती से कहा कि तुम भी भगवान को प्रणाम करो। सती ने सोचा कि जो व्यक्ति रो रहा है, वह भगवान कैसे हो सकता है। शिव जी ने समझाया कि आप श्रीराम पर संदेह न करें, वे भगवान ही हैं। शिव जी तो वहां से चले गए, लेकिन देवी सती ने सोचा कि वे श्रीराम की परीक्षा लेंगी। ऐसा सोचकर वे सीता का रूप धारण करके श्रीराम के सामने पहुंच गईं। श्रीराम ने उन्हें पहचान लिया, प्रणाम किया और पूछा कि देवी आप अकेली आई हैं, भगवान शिव कहां हैं। श्रीराम की बात सुनकर सती लज्जित हो गईं और चुपचाप शिव जी के पास लौट आईं। इसके बाद शिव जी ने देवी सती का मानसिक त्याग कर दिया था। इस घटना के कुछ समय बाद देवी सती के पिता ने एक यज्ञ का आयोजन किया था। यज्ञ में दक्ष ने शिव-सती को छोड़कर सभी देवी-देवताओं को बुलाया था। जब ये बात सती को मालूम हुई तो उन्होंने शिव जी से पिता के यहां जाने की अनुमति मांगी। शिव जी ने सती को समझाया कि हमें ऐसे आयोजन में बिना बुलाए नहीं जाना चाहिए, लेकिन सती ने शिव जी की बात नहीं मानी और पिता के यहां यज्ञ में चली गईं। सती जब यज्ञ स्थल पर पहुंची तो दक्ष ने सती के सामने ही शिव जी का अपमान करना शुरू कर दिया। सती ये सहन नहीं सकीं और यज्ञ कुंड में कूदकर देह त्याग दी।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**चीन से आने वाली कंपनियों को चाहिए सुविधाएं**

आर्थिक मामलों के जानकारों के अनुसार कोरोना को अस्तित्व में लाने वाले चीन की छवि खराब होने से विदेशी कंपनियां हमारे देश की ओर रुख कर सकती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निवेशकों को भारत लाने के लिए प्रयास भी कर रहे हैं, वो इसके लिए विदेशों की यात्राएं भी कर रहे हैं। होने को कुछ मुश्किल नहीं होता, हर चुनौती का हल निकाला जा सकता है, बशर्ते उन चुनौतियों का हल निकालने के लिए नीयत साफ हो।

**- गणेश मिश्रा, रायगढ़**

## ट्रेंड

### भ्रष्टाचार पर ध्यान



ईडी निदेशक कौन है, यह महत्वपूर्ण नहीं है क्योंकि जो कोई भी इस पद पर होगा वह विकास विरोधी मानसिकता रखने वाले हकदार राजवंशों के एक आरामदायक क्लब के बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार पर ध्यान देगा।

**-अमित शाह, केंद्रीय मंत्री**

### सब सहयोग करें



पंजाब में बाढ़ की बढ़ती स्थिति को लेकर बेहद चिंतित और दुखी हूं। बहुत ही कुशल तरीके से मदद का हाथ बढ़ाने के लिए सेना को सलाम। सामान्य स्थिति बहाल करने के प्रयासों में पंजाब सरकार को ताकत मिले। सब सहयोग करें।

**-नवजोत सिद्धू, कांग्रेस नेता**

### हम पर निर्भर



एक पीढ़ी के रूप में, यह हम पर निर्भर है कि मरने से पहले हम जीवन के किन पहलुओं को निखारते हैं। क्या हम जीवन की स्थूलता या सुंदरता में योगदान दे रहे हैं? क्या हम प्रकृति को सहेजने में सहयोग कर रहे हैं।

**-सदगुरु, अध्यात्मिक गुरु**

### सबको पसंद आएगी




पठान जवान बन गया', बेहतरीन ट्रेलर, बहुत पसंद आया। अब यह ऐसी फिल्म है जिसे हमें सिनेमाघरों में ही देखनी चाहिए। मुझे यकीन है कि मैं इसे पहले दिन ही देखूंगा। मजा आ गया। उम्मीद है कि यह सबको पसंद आएगी।

**-सलमान खान, अभिनेता**

संपादकीय

## करंट अफेयर

# कर्सिव राइटिंग से बच्चों में बढ़ता है आत्मविश्वास



दुनिया में विभिन्न कर्सिव लिपियाँ उपलब्ध हैं। ग्राहम एक साफ़, सुव्यवस्थित, उपयोगितावादी/कार्यात्मक लिपि का सुझाव देते हैं जिसे वह अधिकतर मिश्रित पांडुलिपि के रूप में वर्णित करते हैं। अलकु शैली जैसी कुछ कर्सिव शैलियों के साथ, निरंतर स्ट्रोक और अक्षरों के बीच कनेक्शन (संयुक्ताक्षर के रूप में जाना जाता है) द्वारा शब्दों के लेखन में आसानी होती है। ये विशेषताएं अलकु शैली को छोटे हाथों की मांसलता और दृश्य से मोटर मेमोरी में बदलाव पर कम मांग वाली बनाती हैं। पृष्ठ से कम से कम कलम उठाना, कनेक्शन बनाने के साथ-साथ, हाथ के प्रवाह का समर्थन करते हैं। युवा शिक्षार्थियों के लिए ट्विस्ट, टर्न और लूप बनाना कठिन होता है। कई प्रारंभिक बाल शिक्षा अभ्यासकर्ताओं के पास छोटे बच्चों को प्रारंभिक साक्षरता कौशल सिखाने के लिए अंतर्दृष्टि, शैक्षणिक ज्ञान और कौशल का अभाव है। कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में प्रारंभिक शिक्षक तैयारी कार्यक्रम प्रारंभिक साक्षरता कौशल सिखाने पर पर्याप्त जोर नहीं दे सकते हैं, जिससे इन्हें शिक्षकों की व्यावसायिक विकास आवश्यकताओं पर छोड़ दिया जाता है। लोअर और अपर केस दोनों के लिए नमूना स्क्रिप्ट और कर्सिव हैंड की पांडुलिपि आवश्यक होगी।

## ऑफ बीट

# स्वीडन नाटो में शामिल हो रहा है



एक आश्चर्यजनक कदम में, तुर्की ने स्वीडन के नाटो में शामिल होने पर अपना वीटो समाप्त कर दिया है, जिससे सैन्य गठबंधन में उसकी सदस्यता की सभी बाधाएं दूर हो गई हैं। हंगरी ने तुरंत इसका अनुसरण किया और, दोनों देशों के समर्थन के परिणामस्वरूप, लिथुआनिया के विनियस में 2023 नाटो शिखर सम्मेलन में एक आम सहमति बन पाई। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन का स्वीडन के शामिल होने के प्रयास का समर्थन करने पर सहमत होना शिखर सम्मेलन की प्रमुख उपलब्धियों में से एक माना जाएगा। स्वीडन ने फिनलैंड के साथ मई 2022 में सदस्यता के लिए अपना औपचारिक आवेदन प्रस्तुत किया, जिसे अप्रैल 2023 में गठबंधन में शामिल किया गया। स्वीडन, हालांकि एक औपचारिक सदस्य नहीं है, 1994 में गठबंधन के शांति कार्यक्रम में भागीदारी में शामिल होने के बाद से लगभग 30 वर्षों तक नाटो के साथ उसका बहुत करीबी रिश्ता रहा है। इसने नाटो मिशनों में योगदान दिया है। और यूरोपीय संघ के सदस्य और ब्लॉक की सामान्य सुरक्षा और रक्षा नीति में योगदानकर्ता के रूप में, इसने यूरोपीय नाटो सहयोगियों के विशाल बहुमत के साथ मिलकर काम किया है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### गोविंदम गार्डन दांता में श्रीमद् भागवत कथा का हुआ पोस्टर विमोचन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**दांतारामगढ़।(विनोद धायल)** दांता गोविंदम गार्डन में श्री मद् भागवत कथा महोत्सव श्री गोपाल महायज्ञ का आयोजन 25 जुलाई से 31 जुलाई तक होगा आयोजन समिति सदस्य मनोहर लाल चेजारा ने बताया राजस्थान के सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित चंद्र प्रकाश शास्त्री खाचरियावास संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराएंगे श्री गोपाल महायज्ञ में 108 जोड़े आहुति देंगे विशाल कलश यात्रा में 21 सो महिलाएं भाग लेगी विशाल कलश यात्रा गोविंदम गार्डन से हाथी घोड़ी बैंड बाजे के साथ रवाना होकर मुख्य मार्गो से होती हुई पुन कथा स्थल पहुंचेगी पोस्टर विमोचन शास्त्री ने किया इस अवसर पर समाजसेवी भंवरलाल चेजारा उप चेयरमैन कैलाश रावोरिया रामेश्वर लाल दुर्गेश कुमावत पंडित गिरधारी लाल शर्मा बोदू राम डॉक्टर सत्येंद्र सिंह अमन रणवा आदित्य शर्मा विजय कुमार सोनी ओमप्रकाश जांगिड़ रतन लाल सांखला समाजसेवी राजेंद्र सांखला अविनाश शर्मा सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित थे इस आयोजन में आसपास क्षेत्र से हजारों श्रद्धालु इस आयोजन में भाग लेंगे

### विधानसभा क्षेत्र की 9 सड़कों के लिए 7 करोड़ 23 लाख की वित्तीय स्वीकृति हुई जारी

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर (सुनील कुमार पाराशर )।** सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा चौमूं विधानसभा क्षेत्र में 7 करोड़ 23 लाख की लागत से बनने वाली 9 सड़को की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की है। बता दे कि सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा ग्राम भूतेड़ा से किरत सिंह का बास तक सड़क निर्माण के लिए 85.38 लाख, सिंगोदकला से शिव मंदिर तक सड़क निर्माण के लिए 108.98 लाख, बागा का बास से चेता का बास तक सड़क निर्माण के लिए 99.58 लाख, विजयनगर सड़क से आष्टीकलां बस स्टैंड तक सड़क निर्माण के लिए 84.03 लाख, सान्दरसर से चारणवास तक सड़क निर्माण के लिए 80.68 लाख, गुडलिया से हीरा का बास तक सड़क निर्माण के लिए 75.63 लाख, सिंगोद कला से कल्याण मोड़ तक सड़क निर्माण के लिए 78.68 लाख, हाडौता से राजवाली कोठी तक की सड़क निर्माण के लिए 73.71 लाख, आष्टीकलां से आष्टी खुर्द तक के लिए 37.13 लाख की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति जारी की है ।

### श्रीमद् भागवत कथा के पोस्टर का विमोचन जिला कलक्टर भगवती प्रसाद के कर कमलों से




सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** श्रीमद् भागवत कथा के पोस्टर का विमोचन जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद के कर कमलो से किया गया । जिसमें राजेंद्र जोशी,गौरी शंकर मोदी,मन मोहन व्यास,अमित व्यास,लीलाधर खत्री,जुगल श्रीमती, सम्पत जैन,कुल दीप,संजय गुप्ता, विजय कपूर शामिल हुए ।राजेंद्र जोशी ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा 18/7/2023 से 24/7/2023 और कथा का समय 4:00 बजे से 7:00 बजे तक का समय है। जिसमे कलश यात्रा 17 जुलाई को सुबह 11:00 बजे दुर्गा मन्दिर से शिव मन्दिर तक आयोजित की गई है। भक्त श्रद्धालु अधिक से अधिक संख्या में सावन के अधिक मास में भागवत गीता का श्रवण कर लाभ उठाएं।

### भूपेंद्र बैरवा के नीट परीक्षा में चयन होने पर सर्वसमाज के प्रतिष्ठित नागरिकों ने दी बधाई



**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र के थूमडा गांव के बैरवा समाज से गरीब परिवार से भूपेंद्र बैरवा ने ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी स्कूल से 12 वी तक पढाई कर प्रथम प्रयास मे ही नीट की परीक्षा पास कर ग्रामीण क्षेत्र मे छुपी हुई प्रतिभा को उजागर कर दिया है। रैणी क्षेत्र मे इस सफलता की चर्चा हर गांव मे हो रही है तथा क्षेत्र मे खुशी की लहर छाई हुई है। भूपेंद्र का हर समाज की तरफ से स्वागत सत्कार किया जा रहा है जिससे कि अन्य दूसरी प्रतिभा का भी मनोबल बढ सके। इसी स्वागत सत्कार की कड में मंगलवार शाम को बैरवा के सम्मान मे सर्वसमाज के प्रतिष्ठित नागरिक उनके घर पर पहुंचे। भूपेंद्र ने बैरवा समाज के साथ-साथ पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। भूपेंद्र के पिता महेश चंद बैरवा को भी इस अवसर पर विशेष तौर पर धन्यवाद दिया कि जिन्होंने 6 बच्चे और बूढ़े मां बाप की जिम्मेदारी होते हुए भी अपने बच्चों की परवरिश और उनकी शिक्षा पर विशेष रूप से ध्यान दिया। इसी का परिणाम है कि बेटे ने नीट परीक्षा में सलेक्शन लेकर समस्त बैरवा समाज का और माता-पिता की परवरिश का मान रखा।इस दौरान उम्मेदी लाल मीना ( विधायक पुत्र ) , किशन लाल मेहरा ( रिटायर्ड मेलनर्स ) , भगवान सहाय मास्टर ,भगवती बैरवा ,धनपाल मीणा पूर्व सरपंच , लीलाराम बैरवा ,नवल मीना , देवेन्द्र कुमार मेहर (कांग्रेस मण्डल अध्यक्ष),लखन लाल मीणा , राधेश्याम बेरवा ,ओम प्रकाश बेरवा, चेतराम मीणा ,जगदीश मीणा सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे एवं बैरवा समाज व समस्त ग्रामवासियों के साथ उम्मेदी लाल मीना ने महेश चंद बैरवा एवं उनके बेटे भूपेंद्र का माला व साफा पहनाकर मान सम्मान किया। मिडिया को यह सारी जानकारी देवेन्द्र कुमार मेहर (कांग्रेस मण्डल अध्यक्ष रैणी) के द्वारा दी गई है।

# डूंगर कॉलेज में मतदाता सूची पुर्ननिरीक्षण कार्यक्रम संपन्न

सितारा न्यूज नेटवर्क








**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 का शुभारंभ राजकीय डूँगर महाविद्यालय, बीकानेर में स्वीप प्रकोष्ठ, जिला निर्वाचन कार्यालय, बीकानेर व डूँगर महाविद्यालय बीकानेर के निर्वाचन साक्षरता क्लब के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मतदाता जागरूकता सम्बन्धि प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में एनएसएस, स्काउट गाइड व एनसीसी के अधिकारियों व विद्यार्थियों की महती उपस्थिति रही। जिला स्वीप सह प्रभारी श्री गोपाल जोशी ने सभी 17 प्लस विद्यार्थियों से मतदाता सूची में नाम जुडाने का आह्वान किया। विश्व जनसंख्या दिवस व अगस्त माह में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जनकारी दी। मुख्य अतिथि राज्य स्तरीय प्रशिक्षक वाई.डी. माथुर ने मतदान सम्बन्धी प्रक्रिया, वोटिंग मशीन, वी.वी. पेट आदि के बारे में विस्तृत से जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर नरेन्द्र नाथ ने विद्यार्थियों को लोकतंत्र की मतबूती हेतु चुनाव प्रक्रिया में उत्साह के साथ चढ़-बढ़कर हिस्सेदारी लेने के लिये प्रेरित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह शेखावत ने की। अपने सभी को 'मतदान की शपथ' दिलायी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नन्दिता सिंघवी ने किया और विद्यार्थियों से मतदाता जागरूकता संबंधी अनेक नारे लगवायें। इस अवसर पर महाविद्यालय के संकाय सदस्य व जिला स्वीप टीम के सदस्य पवन खत्री, सुधीर मिश्रा, भवानी सोलंकी इत्यादि उपस्थित रहें। डूँगर महाविद्यालय ईएलसी की संयोजक प्रो. डॉ. नन्दिता सिंघवी ने बताया कि विश्व जनसंख्या दिस के अवसर पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 32 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रथम स्थान गौरव वर्मा ( बी.ए. तृतीय वर्ष ) द्वितीय स्थान खुशबु सैन ( एम.एससी पूर्वार्द्ध ) तृतीय स्थान रिंकु कुमावत (एम.एससी पूर्वार्द्ध ) व अनुराधा शर्मा ( एम.एससी उतरार्द्ध संस्कृत ) ने प्राप्त किया। प्रतियागिता के निर्णायक डॉ. साधना भंडारी व डॉ. भगवाना राम गोदारा थें। डॉ. नन्दिता सिंघवी ने बताया कि आगामी 12 अगस्त को नुक्कड़ नाटक, भाषण व गीत प्रतियोगिताएँ आयोजित करवायी जायेगी।

**मतदान करने और मतदाता सूची में नाम जुड़वाने बाबत किया जागरूक**

### एस आई स्कूल हिंगोनियां में कलस्टर कैम्प का किया आयोजन

सितारा न्यूज नेटवर्क



**हिंगोनियां/शंकरलाल कुमावत।** कस्बें की एस आई चिल्ड्रन एकेडमी हिंगोनियां में मंगलवार को कलस्टर कैम्प का आयोजन किया गया। बीएलओ गोगलराम ने बताया कि प्रधानाचार्य एवं निदेशक शंकरलाल कुमावत की अध्यक्षता में निर्वाचन विभाग के आदेशानुसार कलस्टर कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 11 व 12 के छात्र छात्राओं को मतदान की प्रक्रिया समझायी तथा मतदान के महत्व को समझाते हुए मतदाता सूची में नाम जुडवाने हटवाने, त्रुटि सुधार एवं ऑनलाईन फार्म 6, 7, 7 बी, 8 को भरवाने की प्रक्रिया विस्तार से समझाई। इस मौके पर इलेक्शन प्रभारी, नन्दिनी आसीवाल, सीए सुमन कुमावत, कविता कुमावत, पूजा कुमावत, सीमा आसीवाल, बीएलओ मामराज कुमावत, फूलचन्द कूडी, नानूराम यादव, सुभाष चन्द छीपा, गोगल राम जाट सहित कई लोग मौजूद रहे।

### राजनीतिक दल व विधायक हुए सक्रिय

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** इस साल होने वाले विधानसभा चुनावों को देखते हुए अब सभी राजनीतिक दल व विधायक सक्रिय हो गये है और अपने अपने क्षेत्रों में अपने मतदाताओं को लुभाने में लगे है। हालांकि पार्टी की ओर से किसी भी विधायक को अभी तक हरी झंडी नहीं मिली है फिर भी विधायक अपने स्तर पर कार्यक्रमों के जरिये जनता का मन टटोलने में लग गये है। बीकानेर पूर्व से तीन बार विधायक सिद्धिकुमारी ने भी आज अपने विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर आमजन से मेल मुलाकात की। इस दौरान उनका जगह जगह महिलाओं व स्थानीय मतदाताओं ने स्वागत सत्कार किया। विधायक ने क्षेत्र के लोगों से समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की। इस दौरान उनके साथ क्षेत्र के पार्षद व पार्टी के पदाधिकारी भी शामिल रहे।

### विराट अग्र महाकुंभ की तैयारियों को लेकर प्रदेश अध्यक्ष गिरीश गर्ग ने किया बसेड़ी दौरा



सितारा न्यूज नेटवर्क

**बसेड़ी/अंकित गोयल।** श्री अग्रवाल समाज की बैठक अग्रवाल धर्मशाला बसेड़ी में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष गिरीश गर्ग के मुख्य आतिथ्य में अग्रवाल समाज अध्यक्ष अशोक गर्ग दिनकटा वालो की अध्यक्षता मे आयोजित हुई। बैठक में 23 जुलाई को विद्याधर नगर जयपुर मे होने वाले अग्र महाकुम्भ को लेकर विचार विमर्श कर किया पोस्टर का विमोचन। प्रदेश अध्यक्ष गर्ग ने कहा कि ये विशाल आयोजन राजनीति में अग्रवाल समाज को उचित प्रतिनिधित्व दिलाने युवाओं के भविष्य की चिंता व्यापारियों के हितों की रक्षा, व्यापारी कल्याण आयोग के गठन इत्यादि मांगों को सरकार के समक्ष रखने के लिए किया जा रहा ह। इस महाकुम्भ मे राजस्थान और देश के कोने कोने से एक लाख से अधिक अग्रबन्धु शामिल होंगे। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष अशोक गर्ग ने बताया कि इस आयोजन को लेकर अग्रवाल समाज के गणमान्य नागरिकों सहित, युवा महिलाओं में काफी उत्साह है। यात्रा संयोजक ऋषि मित्तल ने धौलपुर जिले से लगभग 100 बसों से अग्रबंधु जयपुर विराट अग्र महाकुंभ में शामिल होने जायेंगे। युवा प्रदेश सचिव रवि गोयल दौपुरा वालो ने प्रदेश नेतृत्व को आश्वस्त किया कि इस महाकुंभ मे बसेड़ी से अधिक संख्या में अग्रबन्धु एवं महिलाएं अधिक से अधिक संख्या में जयपुर पहुंच कर अपनी एकता का परिचय देंगे। प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेश गर्ग ने बताया कि ये अग्र महाकुम्भ अभूतपूर्व एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए हम पूरे प्रदेश में सभी इकाइयों में जाकर जनसंपर्क कर रहे है बैठक के दौरान प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेश गर्ग, यात्रा संयोजक ऋषि मित्तल, युवा प्रदेश सचिव रवि गोयल दौपुरा वाले, जिला युवाध्यक्ष कपिल अग्रवाल, डॉ.प्रखर मंगल, कमल सिंघल, कोठी युवा अध्यक्ष हनी गोयल, प्रयास अग्रवाल, मनोज गर्ग सहित हरिओम गर्ग, कैलाश चंद अग्रवाल, कैलाश चंद गोयल, दिनेश चंद मित्तल, युवा अध्यक्ष हेमंत बंसल, अंकुर गर्ग, विजय गोयल, के के मित्तल, नेमीचंद सिंघल, ओमप्रकाश गोयल, रामभरोसी गर्ग, ब्रजकिशोर गर्ग, संजय गर्ग, महिला अध्यक्ष चंद्रकला मित्तल, भावना बंसल, दीपक गर्ग, जितेंद्र गर्ग सहित कई अग्रबंधु मौजूद रहे।



### सीआईएस में पेपर बैग डे मनाया

सितारा न्यूज नेटवर्क



**सीकर।** सीएलसी के सीबीएसई स्कूल सीआईएस में बुधवार को पेपर बैग डे एक्टिविटी का आयोजन किया गया। एकेडमिक प्रिंसिपल पारूल जोशी ने जानकारी देते हुए कहा कि, ह्यपेपर बैग डेह्य पर आधारित ह्यपेपर बैग बनाओह्य गतिविधि का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अखबार, पत्रिकाओं और पुराने चार्ट पेपर से अपनी कल्पना को साकार किया और रंग-बिरंगे विभिन्न प्रकार के पेपर बैग बना कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पेपर बैग बनाकर बच्चों ने उनपर प्रेरणास्पद स्लोगन भी लिखा। सीआईएस निदेशक समर चौधरी ने बताया कि बच्चों को पर्यावरण और पेड़ों के संरक्षण का संदेश देना इस गतिविधि का मूल ध्येय था। उन्होने बच्चों से संवाद करते हुये समझाया कि हर एक पेड़ हमारे लिए अमूल्य है। हमे कागज का उचित प्रयोग करते हुये उसे रिसाइकल करना चाहिए। उन्होने बच्चों के साथ कागज के इतिहास को भी साझा करते हुए बताया कि किस तरह से अखबार की रद्दी से विभिन्न प्रकार के बैग बनाकर लघु उद्योग की कल्पना भी संभव है।

### जनसंख्या वृद्धि रोकथाम पर निबन्ध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर वर्द्धमान कन्या पी. जी. महाविद्यालय में जनसंख्या वृद्धि रोकथाम विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की गई कवर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेंद्र पारख ने बताया कि समिति के अकादमिक निदेशक डॉ. आर. सी. लोढ़ा के निदेर्शानुसार आयोजित इस प्रतियोगिता में 25 छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लियाकप्रतियोगिता में सहभागी रही छात्राओं को अकादमिक डीन नीलम लोढ़ा ने धन्यवाद देते हुए उनका उत्साह बढ़ाया ।

### स्कूल बस पलटने से टीचर की मौत

**पोकरण (जैसलमेर)।** जैसलमेर के पोकरण में स्टूडेंट्स को लेकर जा रही स्कूल बस आज सुबह 8 बजे पलट गई। हादसे में टीचर की मौत हो गई, जबकि 36 बच्चे घायल हो गए। ड्राइवर को मामूली चोटें आई हैं। हादसा पोकरण के भेसड़ा गांव का है। बस गांव में स्थित ज्ञानदीप प्राथमिक स्कूल की है ।पोकरण में साकड़ा थाना पुलिस के अरकखुशालचंद ने बताया कि सुबह करीब 8 बजे बच्चों को उनके घर से लेकर बस स्कूल की ओर जा रही थी। ड्राइवर ने बस में सीटों की संख्या से ज्यादा बच्चों को बैठा रखा था। स्कूल से करीब दो किलोमीटर पहले बस का बैलेंस बिगड़ गया और सड़क से उतर गई।

**कांग्रेस को डॉ.बी आर अम्बेडकर के बनाये संविधान पर पूर्ण भरोसा है**

### न्यायालय से इंसाफ जरूर मिलेगा: ब्यावर विधानसभा से भी कांग्रेस नेता मनोज चौहान भी मौन सत्याग्रह में हुए शामिल






दैनिक सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर (अनिल सिखवाल) ।** राहुल गांधी को मानहानि मामले में सजा पर गुजरात हाईकोर्ट से भी राहत नहीं मिलने के बाद देशभर में सियासत गर्मा गई है। प्रदेश के कांग्रेस नेता राहुल गांधी के समर्थन में मौन सत्याग्रह कर रहे हैं। जयपुर के शहीद स्मारक पर सत्याग्रह शुरू होने से पहले कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, भंवर जितेन्द्र सिंह, प्रमोद जैन भाया ने पीएम मोदी और बीजेपी पर हमला बोला। ब्यावर विधानसभा से भी कांग्रेस नेता मनोज चौहान के नेतृत्व में मौन सत्याग्रह में शामिल हुए कांग्रेस नेता मनोज चौहान ने मीडिया को बताया की राहुल गांधी को भगवान और अदालत से इंसाफ मिलेगा। अवमानना के मामले में पहली बार किसी को इतनी बड़ी सजा दी गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांधी परिवार पर गलत बोलने की हर हद को पार कर दिया था । माननीय न्यायालय द्वारा जिस तरह की सजा राहुल गांधी को दी गई है, वह न किसी को मिली और न मिलेगी। हमारे नेता राहुल गांधी की जुबान बंद करने का नतीजा बीजेपी ने कर्नाटक, हिमाचल में देख लिया कांग्रेस दुनिया की सबसे पुरानी और बड़ी पार्टी के नेता की आवाज बंद करना, इतिहास में पहली बार हुआ है। 1978 में भी जनता दल की सरकार ने इंदिरा गांधी को जेल में भेजा था। बाद में उसका उतना ज्यादा रिएक्शन हुआ। राहुल गांधी को पार्लियामेंट में बोलने से रोकने के लिए सब किया गया। यह देश की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। हिमाचल और कर्नाटक में राहुल गांधी की जुबान बंद करने का रिजल्ट भाजपा ने देख लिया। 2023 के विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनावों में जनता मोदी सरकार को सबक सिखाकर सत्ता से दूर कर देगी सत्याग्रह में शैलेश शर्मा, जसवंत सिंह भगवानाराम विश्नोई सहित कांग्रेस जन शामिल हुए।

## प्रो.मनुभाई गौड़ को कार्यवाहक निदेशक बनाने पर जताई खुशी

**चौधरी ब्रह्म प्रकाश चरक आयुर्वेद संस्थान का कार्यवाहक निदेशक बनाने पर विश्व आयुर्वेद परिषद के सदस्यों ने खुशी जताई**

सितारा न्यूज नेटवर्क



**भिवानी।** विश्व आयुर्वेद परिषद दिल्ली प्रांत के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर मनुभाई गौड़ को नई दिल्ली में स्थित आयुर्वेद के अग्रणी संस्थान चौधरी ब्रह्म प्रकाश चरक आयुर्वेद संस्थान का कार्यवाहक निदेशक नियुक्त किया गया इस अवसर पर विश्व आयुर्वेद परिषद राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो.गोविंद सहाय शुक्ल व एनआईए जयपुर में पूर्व पीजी छात्र प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष व प्रभारी रहे डॉ भूपेंद्र शर्मा चांदवास ने खुशी जाहिर की। राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो.गोविंद सहाय शुक्ल ने कहा कि विश्व आयुर्वेद परिषद व आयुर्वेद जगत के लिए प्रो.मनुभाई गौड़ को चौधरी ब्रह्म प्रकाश चरक आयुर्वेद संस्थान का कार्यवाहक निदेशक नियुक्त करना बहुत ही गौरव की बात है प्रो.मनुभाई गौड़ विश्व आयुर्वेद परिषद दिल्ली प्रांत के अध्यक्ष रह चुके हैं वो ईमानदारी और संघर्ष के प्रतीक हैं। तथा वो सरल स्वभाव, कुशल कार्यशैली, दूरदर्शी सोच व ईमानदार व्यक्तित्व के धनी हैं। प्रो.शुक्ल ने कहा कि प्रो.मनुभाई गौड़ ने विआप अध्यक्ष रहते हुए आयुर्वेद शिक्षा व चिकित्सा पद्धति के विकास के लिए अच्छे कार्य किए हैं। वो अपनी शिक्षा व सफल चिकित्सा के द्वारा अनेकों लोगों को स्वास्थ्य लाभ करवा चुके हैं उन्होंने अपने कार्यकाल में एक श्रेष्ठ अध्यापक, अनुसंधान व प्रशानिक दृष्टिकोण से आयुर्वेद क्षेत्र में विशेष पहचान बनाई है आयुर्वेद शिक्षा व चिकित्सा को लेकर समय समय पर शौध पत्र प्रकाशित किए हैं। प्रो. गोविंद सहाय शुक्ल व डॉ भूपेंद्र शर्मा चांदवास ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि प्रोफेसर मनुभाई गौड़ के कार्यवाहक निदेशक बनने से संस्थान में चिकित्सा व शिक्षा का स्तर और अधिक मजबूत बनेगा।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## विशेष अधिकारी के मार्फत राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**जैन आचार्य श्री कामकुमार नंदी की निर्मम हत्या का विरोध, हत्यारों पर त्वरित कार्यवाही की उठी मांग**



दैनिक सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर (अनिल सिखवाल।** बेलगावी जिले में चिकोडी तालुक में नंदी पर्वत पर स्तिथ जैन तीर्थ पर विराजमान जैन आचार्य पूज्य श्री 108 कामकुमार मुनिराज की गत 5 जुलाई को निर्मम हत्या कर हत्यारों ने मृत शरीर के टुकड़े टुकड़े कर बोर वैल में डाल दिये, जिससे सम्पूर्ण भारत नहीं विश्व के जैन समाज में दुःख व रोष व्यापत है । उसी को मध्य नजर रखते हुए जैन समाज ने विशेष अधिकारी रोहिताश कुमार तोमर के मार्फत राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा` उक्त ज्ञापन के माध्यम से विश्व जैन संगठन ने मांग रखी है की पूज्य आचार्य श्री 108 कामकुमार नंदी मुनिराज की हत्या की साजिश का जल्द से जल्द खुलासा हो ,निर्मम हत्या का मुकदमा फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुना जाएं,कर्नाटक सहित सभी राज्यों में जैन संतों की सुरक्षा व्यवस्था हो , कर्नाटक सहित सभी राज्यों में जैन धर्म, तीर्थ व संतो की सुरक्षा हेतु जैन सरंक्षण बोर्ड की स्थापना हो , सभी राज्यों के मुख्यमंत्री महोदय को एक लिखित अधिसूचना जारी कर जैन संत सतिया के विहार के समय उचित सुरक्षा उपलब्ध कराये, मुख्य सड़को पर दोनों ओर सफेद पैंट से लाइनिंग कर फुटपाथ का निर्माण कराया जाये ताकि पैदल विहार करने वाले जैन संत सतियों को विहार में सुविधा हो ।उपरोक्त विषय में अतिशीघ्र कार्यवाही हेतु आदेश जारी कर अल्पसंख्यक जैन समुदाय के साथ न्याय करें। उपरोक्त सभी समस्याओं के निस्तारण नहीं होने की अवस्था में सम्पूर्ण भारत वर्ष मे जैन अनुयायियों द्वारा जन आंदोलन किया जायेगा ज्ञापन देने वालों में विधायक शंकर सिंह रावत तथा जैन एकता मंच के अध्यक्ष संजय नाहर , दिलीप बाबेल, महेंद्र बोहरा एडवोकेट, प्रकाश मकाणा,महावीर बाफना,राजेंद्र सेठिया, प्रवीण बड़ौला अरिहंत कांकरिया, मनीष भंसाली, कमल छाजेड, शैलेन्द्र नाहर, सुनील मेहता, राजेंद्र ओस्तवाल, सकल जैन समाज के महेन्द्र सांखला विनय चंद रांका, रतन लाल भंसाली, उत्तम चंद भंडारी, ज्ञानचंद विनायकिया प्रकाश मेहता, मनमोहन मेहता रतन मेहता महावीर लुनावत, गौतम लूनावत सम्पत डेडिया, सम्पत नाहटा, धनराज रांका, देवराज लोढ़ा,नरेंद्र पाल पदावत, प्रकाश लूनावत,अर्पित छाजेड, सुनील कटारिया, मुकेश चपलोत, नोरत बाफना,अनिल भंसाली जसवंत बाबेल पदमचंद बम्ब विकास बुर्ड, अनिल डोसी, विनोद कोठारी मनीष मुथा ,व दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष धर्मीचन्द रावका, प्रकाश पाटनी कैलाश बड़जात्या, सुशील बडजात्या, विनोद दोलिया, संतोष कासलीवाल, पारस कासलीवाल चरम चन्द ढोलिया वीरेंद्र गोधा सहित जैन समाज के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे ।

## छात्र नेताओं ने पोस्टर से भर दिया शहर:नगर निगम के आयुक्त पैदल घूम कर सब उतरवा रहे, चेतावनी भी जारी



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जोधपुर।** छात्र संघ चुनाव में अभी काफी समय है लेकिन छात्र नेताओं ने अपने-अपने दावे करते हुए प्रचार के लिए पूरे शहर को ही बदरंग कर दिया है। बिना अनुमति कई स्थानों पर होर्डिंग और पोस्टर लगा दिए गए हैं। नगर निगम दक्षिण इन अवैध रूप से लगे पोस्टर और होर्डिंग के खिलाफ अभियान लेकर फील्ड में उतर गया है। खुद निगमायुक्त दक्षिण उत्सव कौशल ने अपनी मौजूदगी में ही इन अवैध रूप से लगे पोस्टर और होर्डिंग्स को हटाया और छात्र नेताओं को हिदायत दी कि अवैध रूप से यदि आगे भी पोस्टर लगाए गए तो उनको जप्त किया जाएगा।

आयुक्त दक्षिण उत्सव कौशल ने बताया कि इन दिनों छात्रसंघ चुनाव के मद्देनजर शहर में विभिन्न स्थानों पर छात्र नेताओं द्वारा नगर निगम की बिना अनुमति के बड़े-बड़े होर्डिंग और बैनर लगाकर शहर के सौंदर्य को खराब किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बिना अनुमति होर्डिंग में बैनर लगाने वालों के विरुद्ध अब सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। बुधवार से विशेष अभियान चलाकर जहां कहीं भी अवैध रूप से होर्डिंग में बैनर लगे गए थे उनको हटाया गया और जब्त करने की कार्रवाई की। इस दौरान उपायुक्त दक्षिण चंपालाल जीनगर, गोपाल परिहार सहित अतिक्रमण टीम मौजूद थी।

**रास्ता बताने वाले साइनेज भी छुपा दिए:** छात्र नेताओं ने अपने पोस्टर लगाने की होड़ में रास्ता बताने वाले साइनेज तक को छुपा दिए। मुख्य सड़कों के ऊपर लगे हुए गैंट्री गेट तक पर पोस्टर चिपका डालें। इसके अलावा सड़कों के आसपास भी बड़े पोस्टर लगा दिए जो की आंधी और तूफान में आमजन के लिए खतरा बन सकते हैं।

## चौकीदार को बंधक बनाकर जीरा चुराने वाला गिरफ्तार

**जोधपुर।** जीरा फैक्ट्री के चौकीदार को बंधक बनाकर जीरा लूटने की घटना का पदार्फाश कर मथानिया पुलिस दो अपराधियों को गिरफ्तार किया उनके पास से 20 लाख का जीरा बरामद किया। आरोपी ने जीरे के भाव बढ़ने से लालच में आकर 87 जीरे के कट् ?टे चुरा लिए थे। आरोपी का जीरा फैक्ट्री के पास ही वेयरहाउस है। किसी को शक ना हो इसलिए आरोपी घटना के बाद पुलिस जब फैक्ट्री में आई तब वह भी मौजूद था। पुलिस ने बीकानेर आदि स्थानों पर आरोपी की तलाश की लेकिन वारदात में उपयोग में ली गई गाड़ी से आरोपी पकड़ा गया।26 जून को कांकरिया बास तिंवरी निवासी राजेन्द्र पुत्र राधे श्याम ने मथानिया थाने में ममाला दर्ज करवाया। उसने बताया कि 25 जून की रात को 12.00 से 2.00 के बीच उसका मुनीम महेन्द्रसिंह जो कि उसके मथानिया स्थित जीरा फैक्ट्री मे सो रहा था। उस दौरान दो तीन आदमी आए और मुनीम को कंबल से ढक दिया और पिकअप मे 87 कट्टे तैयार जीरा लूट कर ले गये व जाते समय उन्होंने मुनीम को कमरे में बन्द कर दिया ।

जयपुर के शहीद स्मारक पर काली पट्टी बांधकर मौन सत्याग्रह पर बोले कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली ने कहा...

# इतिहास में पहली बार ऐसा जब सच बोलने वाले कि आवाज बंद करने की कोशिश की जा रही है : मंत्री जूली








सितारा न्यूज नेटवर्क

**युवराज शर्मा / अलवर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी को मोदी सरनेम केस में दो साल की सजा सुनाए जाने के बाद कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के आवह्वाहन पर जयपुर के शहीद स्मारक पर काली पट्टी बांधकर मौन सत्याग्रह किया। पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार तानाशाह रवैया अपनाते हुए भारत जोडो यात्रा के बाद देश की आवाज बन चुके उनके नेता की आवाज को दबाने के लिए निरंतर औछी हरकते कर रही है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अडानी के संबंधों को लेकर राहुल गांधी विभिन्न मंचों पर खुलासा करते हैं जिससे दुर्भावनावश ऐसा कर रही है। उन्होंने कहा कि देश में बढ़ती अराजकता एवं बढ़ती महंगाई से घट रहे अपने जनाधार के मुद्दे से जनता का ध्यान भटकाने के लिए भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस के खिलाफ असफल होने वाली नई-नई साजिशे रच रही है। उन्होंने कहा कि देश का आवाम अब जुमलेवाली इस सरकार को जान चुका है। पहले हिमाचल फिर कर्नाटक और अब बंगाल में आए चुनाव परिणामों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि देश में बदलाव की बयार आयेगी और आम आदमी की सरकार कांग्रेस दिल्ली की कुर्सी पर काबिज होगी। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है जब सच बोलने वाले कि आवाज बंद करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी मजबूत है, उनकी पैदल यात्रा ने देश को एक नई दिशा दी है। भारतीय जनता पार्टी की यह सरकार एवं इनकी साम्प्रदायिक ताकते तथा सरकारी एजेन्सियों का दुरूपयोग अब जनमानस के पटल पर अच्छी तरह छप गया है। आने वाले विधानसभा व लोकसभा चुनाव में जनता इन्हें जवाब देगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा से राहुल गांधी की सदस्यता रद्द कर भाजपा यह सोच रही है कि राहुल पीछे हटने वाले है तो यह उनकी गलतफहमी है। उन्होंने कहा कि जनता दल की सरकार ने इन्दिरा गांधी को 80 के दशक में जेल भेजा था जिसके बाद जनता में भारी बहुमत से कांग्रेस पार्टी को सत्ता की चाबी सौंपी। वर्तमान हालातों में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि इतिहास वापिस लौटकर आयेगा और भारतीय जनता पार्टी को मुंह की खानी होगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को बोलने से कोई नहीं रोक सकता। उन्हें सुप्रीम कोर्ट और जनता की अदालत दोनों से राहत मिलेगी। अलवर से सत्याग्रह में जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, बाल संरक्षण की सदस्य वंदना व्यास, नगरपालिका चेयरमैन हिम्मत सिंह चौधरी, प्रदेष सचिव राहुल मीना, गब्बर मीना, एडवोकेट जाकिर प्रधान, रिपुदमन गुप्ता,बेनजीर खान सहित बडी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## भ्रष्ट इंजन की सरकार आखिर कब तक प्रलोभन की पटरियों पर दौड़ेगी : नटवाडिया

***10 दिन में ऋण माफी के 1650 से भी अधिक दिन की धोखाधड़ी***

सितारा न्यूज नेटवर्क



**कालवाड़।** चुनावी साल को मध्यनजर रखते हुए गहलोत सरकार लोगों को प्रलोभन देकर पुनः सता में आने का जादुई खेल कर रही है, इस जादू में जनता को केवल सब्जबाग दिखाया जा रहा है

समय बीतने पर न जादू रहने वाला है ना जादूगर, केवल जनता ही मोहजाल में फंस कर हाथ मलती रह जाती है यह वह पार्टी है जो पीतल पर सोने की पॉलिश जैसी दिखती है ये विचार भाजपा राष्ट्रीय शाह शक्ति संगठन के प्रदेशाध्यक्ष रमेंन्द्र कुमार नटवाडिया ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रकट किए। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने किसानों को ऋण माफी के नाम पर धोखा दिया है जन आधार कार्ड के आधार पर सौ यूनिट फ्री बिजली भाई-भाई में मनमुटाव का कारण बन चुकी है, पूरा राजस्थान गत साढ़े चार साल से भ्रष्टाचार और बलात्कार की चरम सीमा पर है इन्हें अपने घर भरने के अलावा कुछ भी नहीं सूझ रहा है योजनाओं के नाम पर भ्रष्ट नेता जनता से धोखा कर रहे हैं झूठ बोलकर सत्ता में आना, चुनावी साल में सब्जबाग दिखाकर जनता को भ्रमित करना इनका पैतृक धंधा है कांग्रेस की स्थापना ही इस देश को लूटने ,सनातन धर्म को हानि पहुंचाने, मंदिरों के धन से विधर्मियों को लाभ पहुंचाने, हिंदू विवाह को दूषित करने ,इमरजेंसी के माध्यम से सनातन धर्म को गिराने, संसद के सामने दिल्ली में संतों व गौ माता पर गोलियां चलवाने, मंदिरों को नष्ट करवाने, खून खराबा, मारकाट करवाने के लिए ही हुई है इस देश की आबरू आन-बान-शान के लिए कांग्रेस को समाप्त करने का समय आ गया है इस देश को पहले मुगलों ने लूटा फिर अंग्रेजों ने इसके बाद कांग्रेस ने भी इस देश को लूटने, धर्म भ्रष्ट करने का जघन्य पाप किया है ऐसे गद्दारों, पाखंडियों, देशद्रोहियों व अवसर वादियों से इस देश, धर्म, संस्कृति व विरासत को बचाना है।

**कांग्रेस के मौन सत्याग्रह में आरजीपीआरएस संगठन की रचनात्मक गतिविधियों की दिखाई दी झलक**

## प्रदेश अध्यक्ष डॉ सी.बी यादव के नेतृत्व में कार्यकताओं ने चरखे से सूत कातकर जताया विरोध

सितारा न्यूज नेटवर्क

**16 जुलाई को होगा चौमूं में मौन सत्याग्रह**



**जयपुर (सुनील कुमार पाराशर।** जयपुर के शहीद स्मारक पर आयोजित हुए कांग्रेस के मौन सत्याग्रह में कांग्रेस के नेता एवं राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रो.सीबी यादव के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता "डरो मत" एवं "लोकतंत्र बचाओ" की तख्तियां लेकर सम्मिलित हुए। मौन सत्याग्रह में कांग्रेस के राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की रचनात्मक गतिविधियों की अमिट छाप स्पष्ट रुप से दिखाई दी। संगठन के कार्यकर्ता सत्याग्रह में लगातार प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक चरखा चलाकर व सूत कातकर राहुल गांधी की सदस्यता को निरस्त करने के विरुद्ध अपना विरोध प्रदर्शन दर्ज कराते नजर आए। उक्त कार्यक्रम के दौरान प्रो.सीबी यादव भी लगातार चरखे से सूत कातते रहे। मौन सत्याग्रह में कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा एवं प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित राजस्थान सरकार के कई मंत्री राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की तख्तियां लेकर विरोध दर्ज करवा रहे थे। उल्लेखनीय है कि प्रो.सीबी यादव ने कांग्रेस कार्यकताओं को विभिन्न जिलों में सर्वोदय संकल्प प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से गांधी जी की रचनात्मक गतिविधियों सीखा रहे थे। आज के मौन सत्याग्रह में संगठन द्वारा की जारी रचनात्मक गतिविधियों की झलक कार्यक्रम के दौरान चारों तरफ दिखायी दी । राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सी बी यादव ने बताया कि आगामी 16 जुलाई को चौमूं बस स्टैंड पर राहुल गांधी जी की सदस्यता को निरस्त किए जाने के विरुद्ध मौन सत्याग्रह किया जाएगा।

**प्रशासनिक अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश**

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के खाटूश्यामजी दौरे की तैयारियों का किया निरीक्षण

सितारा न्यूज नेटवर्क

**सीकर ।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीकर राकेश कुमार ने बुधवार को खाटूश्यामजी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दौरे की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने हैलीपेड स्थल पर वायु सेना के हेलीकॉप्टरों के लैडिंग, पार्किंग स्थल, ग्रीनहाऊस, मंदिर में दर्शन स्थल पर प्रशासनिक व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर प्रशासनिक अधिकारियों, मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान दांतारामगढ़ एसडीएम राकेश कुमार, उपखण्ड अधिकारी खण्डेला बृजेश कुमार, उपखण्ड अधिकारी रामगढ़ शेखावाटी विकास प्रजापत, तहसीलदार सीकर ग्रामीण अविनाश चैधरी, तहसीलदार विपुल चौधरी, एएसपी गिरधारी लाल शर्मा, रींगस डीवाईएसपी महावीर सिंह, पीडब्ल्यूडी एईएन अल्का मील, बिजली विभाग एईएन अश्विनी कुमार मीणा, पालिका ईओ अरुण शर्मा, बीसीएमओ डॉ अश्विनी कुमार स्वामी, थाना प्रभारी सुभाष चंद्र यादव सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहें।







## ग्रीन प्रोजेक्ट के अंतर्गत नीलकंठ महादेव की पहाड़ियों में सघन वन अभियान शीघ्र

दैनिक सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** पिछले पांच वर्षों से आस पास के क्षेत्रों में पांच हजार से अधिक पौधरोपण कर हरित क्रांति की शुरूआत करने वाली संस्था ग्रीन प्रोजेक्ट ब्यावर इस बार मानसून में आगामी 17 जुलाई हरियाली अमावस्या से 1100 पौधे नीलकंठ महादेव की पहाड़ियों में रोप कर सघन वन अभियान की शुरूआत करेगी । ग्रीन प्रोजेक्ट की एक आवश्यक बैठक कर मानसून में पौधरोपण की कार्य योजना पर चर्चा की गई । बैठक में सभी सदस्यों ने नीलकंठ में सघन वन अभियान, ब्यावर शहर के सार्वजनिक स्थानों , बैठक में सरकारी और निजी स्कूलों में पौधारोपण के साथ साथ पुराने खराब हुए पौधो को बदलने पर भी आम सहमति बनी । संस्था ने इस वर्ष सभी संस्थाओं और नागरिकों के सहयोग से 2100 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है ।संस्था के सदस्य डीके जैन,अशोक मेवाड़ा,बाबू भाई, विपिन जोशी,संजय पाराशर,दीपक शर्मा,राहुल रावत,अरुण सिंह,हेमंग लाटा को कार्यभार सौंपा गया है ।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## खबर संक्षेप



### अमेरिकी ओपन के मुख्य ड्रॉ में शंकर

**काउंसिल ब्लफ्स।** जूनियर विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता शंकर मुथुसामी ने यहां दो जीत दर्ज करते हुए अमेरिकी ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। चेन्नई के 19 साल के शंकर ने मंगलवार रात अपने अभियान की शुरुआत ब्राजील के डेवी सिल्वा के खिलाफ 21-17, 21-11 की जीत के साथ की और फिर कनाडा के बीआर संकीर्थ को 21-11, 21-17 से हराया। सीनियर सर्किट पर पहले सत्र में हिस्सा ले रहे दुनिया के 80वें नंबर के खिलाड़ी शंकर को मुख्य ड्रॉ के पहले दौर में आयरलैंड के नहात एनगुएन से भिड़ना है।

### मुंबई सिटी ने वान नीफ को जोड़ा

**मुंबई।** इंडियन सुपर लीग की टीम मुंबई सिटी एफसी ने डच मिडफील्डर योएल वान नीफ के साथ दो साल का अनुबंध किया है। वान नीफ ने अपना कॅरियर एससी कैंबूर के साथ शुरू किया था जिसके बाद एफसी ग्रोनिंजेन से जुड़े। डच क्लब हेराक्लेस अलमेलो के लिए खेलने के बाद वह हंगरी के प्रथम श्रेणी क्लब पुस्कास अकेडेमिया एफसी के साथ 2019-20 सत्र में खेले। उन्होंने नीदरलैंड की अंडर 17 और अंडर 18 फुटबॉल टीमों के लिए आठ मैच खेले।

### अभिषेक ने पैदल चाल में जीता कांस्य



**बैंकॉक।** अभिषेक पाल ने एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत के पदक का खाता खोलते हुए बुधवार को यहां प्रतियोगिताओं के पहले दिन कांस्य पदक जीता। अभिषेक ने 10 हजार मीटर पैदल चाल में 29 मिनट 33.26 सेकेंड के साथ के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। वह जापान के रेन तजावा (29 मिनट 18.44 सेकेंड) और कजाखस्तान के कोएच किमुताइ शैड्रैक (29 मिनट 31.63 सेकेंड) के बाद तीसरे स्थान पर रहे।

### हैदराबाद एफसी ने मोया से करार किया

**हैदराबाद।** इंडियन सुपर लीग फ्रेंचाइजी हैदराबाद एफसी ने कोस्टा रिका के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जोनाथन मोया के साथ अनुबंध किया है। क्लब ने बुधवार को यह जानकारी दी।



यह 31 वर्षीय स्ट्राइकर कोरिया में दो साल बिताने के बाद हैदराबाद एफसी से जुड़ेगा। वह 2023-24 सत्र से पहले टीम से जुड़ने वाले पहले नए विदेशी खिलाड़ी हैं। सेन जोस में जन्में मोया ने अपने करियर की शुरुआत डिपोर्टिवो सापरिसा अकादमी में की जिसने देश को उसके सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से कुछ दिए हैं। वह कोस्टा रिका प्रीमियर डिविजन, स्पेन में सेगुंडा डिविजन के अलावा यूक्रेन की शीर्ष लीग में भी खेल चुके हैं।

### तैयारी के लिए अहम है जर्मनी और स्पेन दौरा

**बेंगलुरु।** भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता ने बुधवार को कहा कि उनकी टीम आगामी जर्मनी और स्पेन दौरे को हांगझोउ में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी के मौके के रूप में देख रही है।




भारतीय टीम बुधवार को यूरोप रवाना होगी। टीम पहले तीन मैचों की श्रृंखला के लिए जर्मनी जाएगी जहां मेजबान जर्मनी के अलावा चीन से भी खेलना है।

*बृजभूषण के खिलाफ प्रदर्शन करने वाले छह पहलवानों को ट्रायल में छूट दी जाए या नहीं इस पर अभी निर्णय नहीं*

# एशियाई खेलों के लिए कुश्ती के ट्रायल 22 और 23 जुलाई को दिल्ली में होंगे

भाषा ⏭ नई दिल्ली





भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा कुश्ती के संचालन के लिए नियुक्त तदर्थ समिति ने एशियाई खेलों के लिए बहुप्रतीक्षित कुश्ती ट्रायल 22 और 23 जुलाई को आयोजित करने का बुधवार को फैसला किया। समिति हालांकि अभी यह निर्णय नहीं ले सकी है कि भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने वाले छह पहलवानों में से किसी को ट्रायल में छूट दी जाए या नहीं। आईओए ने ओसीए से इस तिथि को 22 जुलाई से आगे बढ़ाने की मांग की थी। ओसीए ने इस मांग को खारिज कर दिया। इसके बाद तदर्थ समिति ने नयी दिल्ली में बैठक की और निर्णय लिया कि पुरुषों के ग्रीको रोमन और महिलाओं के ट्रायल 22 जुलाई को आयोजित किए जाएंगे और फ्री स्टाइल टीम का चयन अगले दिन होगा। तदर्थ समिति ओलंपिक के 18 भार वर्गों के ट्रायल का आयोजन करेगी। इसमें तीनों प्रारूपों में छह-छह (पुरुषों के लिए फ्री स्टाइल और ग्रीको रोमन और महिलाओं के लिए फ्री स्टाइल) स्थानों के लिए ट्रायल होगा। तदर्थ समिति के प्रमुख भूपेंदर सिंह बाजवा ने बताया, ''हमने 22 और 23 जुलाई को इंदिरा गांधी स्टेडियम के केदार जाधव हॉल में ट्रायल आयोजित करने का फैसला किया है। पहले हम ग्रीको रोमन और महिला पहलवानों को आमंत्रित करेंगे और फिर पुरुष फ्री स्टाइल पहलवानों को आमंत्रित करेंगे। हम चाहते हैं कि एशियाई खेलों के ट्रायल में हमारे अंडर-20 पहलवान भी चुनौती पेश करें। वे 21 जुलाई को भारत लौटेंगे और इसलिए हम उन्हें भी दावा पेश करने का मौका देना चाहते है।'' बाजवा ने कहा, ''मैं आप सभी के साथ मानदंड से जुड़ी जानकारी कल साझा करूंगा। हमने अभी तक इस पर कोई फैसला नहीं किया है।'' भारत की अंडर-15 और अंडर-20 टीमें एशियाई चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए जॉर्डन की राजधानी अम्मान में हैं। तदर्थ पैनल के करीबी सूत्रों ने दावा किया कि समिति मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप पदक विजेताओं को ट्रायल से छूट दे सकती है। सूत्र ने कहा, ''अगर कुछ पहलवानों को छूट दी जाती है तो आश्चर्यचकित न हों। समिति ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप के पदक विजेता को छूट देने के बारे में सोच रही है। अगर इस फैसले पर मुहर लगती है, तो बजरंग पुनिया (65 किग्रा) और रवि दहिया (57 किग्रा) को ओलंपिक पदक विजेता होने के कारण सीधा प्रवेश मिलेगा। इसी तरह, विनेश (53 किग्रा) वर्तमान में विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता हैं।'' इस फैसले से हालांकि उभरते हुए पहलवानों को निराशा हाथ लगेगी।

# श्रीलंका ने टी-20 में पहली बार न्यूजीलैंड को 10 विकेट से रौंदा

एजेंसी ⏭ कोलोंबो

- कप्तान चमारी अट्टापट्टू ने 80 रनों की तूफानी पारी खेली

पी सारा ओवल मैदान पर श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम और न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम के बीच टी20 सीरीज का तीसरा मुकाबला बुधवार को खेला गया। कीवी टीम ने पहले दो मुकाबलों में जीत दर्ज कर सीरीज में अजेय बढ़त बनाई हुई थी लेकिन तीसरे मैच में मेजबान टीम ने ऐतिहासिक जीत हासिल की है।

श्रीलंका ने पहली बार न्यूजीलैंड को टी20 अंतरराष्ट्रीय फॉर्मेट में मात दी है। श्रीलंका की तरफ से कप्तान चमारी अट्टापट्टू ने 80 रनों की तूफानी पारी खेली, जिसके बदौलत न्यूजीलैंड को 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया और कीवी टीम के सलामी बल्लेबाजों ने अपनी टीम को बेहतरीन शुरुआत की। कीवी टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट खोते हुए 140 रन बनाए। श्रीलंका के लिए गेंदबाजी में इनोका राणावीरा ने सबसे ज्यादा 3 विकेट झटके। 141 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंकाई सलामी बल्लेबाजों ने रिकॉर्ड तोड़ साझेदारी की। श्रीलंका ने 15वें ओवर की तीसरी गेंद पर मुकाबले को 10 विकेट से अपने नाम कर लिया। कप्तान चमारी अट्टापट्टू ने 47 गेंद खेलते हुए 80 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। दूसरे छोर पर हर्षिता समरविक्रामा ने 40 गेंदों पर 49 रन बनाए।

# भारत नहीं आएगा पाक, धूमल ने की पुष्टि, श्रीलंका में होंगे मैच

एशिया कप



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- आईसीसी बोर्ड की बैठक से पहले बीसीसीआई और पीसीबी राजी

भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप का बहुचर्चित मैच श्रीलंका में होगा जिस पर मेजबान पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के पूर्व पदाधिकारियों ने मंजूरी जताई थी। आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। धूमल इस समय डरबन में आईसीसी मुख्य कार्यकारियों की बैठक के लिए गए हैं। उन्होंने पुष्टि की कि बीसीसीआई सचिव जय शाह और पीसीबी प्रमुख जाका अशरफ की गुरुवार को होने वाली आईसीसी बोर्ड की बैठक से पहले मुलाकात हुई ताकि एशिया कप का कार्यक्रम तय हो सके। इस महीने की शुरुआत में पद संभालने वाले अशरफ ने नजम सेठी की अध्यक्षता वाले पीसीबी के पूर्व प्रशासन द्वारा हाइब्रिड मॉडल को मंजूरी दिए जाने पर नाराजगी जताई थी। पीसीबी 31 अगस्त से 17 सितंबर तक होने वाले एशिया कप का मेजबान है जो पाकिस्तान और श्रीलंका में खेला जाएगा।

### कार्यक्रम लगभग तय

धूमल ने कहा, 'हमारे सचिव ने पीसीबी प्रमुख जाका अशरफ से मुलाकात की और एशिया कप के कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया। यह उसी के अनुरुप है जिस पर पहले बात की गई थी। पाकिस्तान में लीग चरण के चार मैच होंगे जिसके बाद नौ मैच श्रीलंका में होंगे। इसमें भारत और पाकिस्तान का मैच शामिल है। दोनों टीमें फाइनल खेलती हैं तो वह भी श्रीलंका में होगा।'

### हाइब्रिड मॉडल को दी थी मंजूरी

बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि शायद पाकिस्तानी खेलमंत्री को एशियाई क्रिकेट परिषद की पूर्व में हुई बैठक के बारे में पता नहीं है जिसमें कार्यकारी समिति ने हाइब्रिड मॉडल को मंजूरी दी थी जिसका सुझाव पूर्व पीसीबी अध्यक्ष सेठी ने दिया था। बैठक के दौरान मौजूद एसीसी बोर्ड के एक वरिष्ठ सदस्य ने बताया, 'हमें पीसीबी की अंदरूनी घटनाओं से कोई सरोकार नहीं है। हमें इतना पता है कि हाइब्रिड मॉडल पर पीसीबी ने मंजूरी जताई थी।

## विंबलडन : 4-6, 6-1, 6-4, 6-3 से जीता क्वार्टर फाइनल मैच

# जोकोविच 24वें ग्रैंड स्लैम से दो कदम दूर, चार सेट में रुबलेव को दी शिकस्त

एजेंसी ⏭ लंदन

सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच साल के तीसरे और कुल 24वें ग्रैंड स्लैम खिताब की ओर कदम बढ़ाते हुए विंबलडन 2023 के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। जोकोविच ने क्वार्टर फाइनल में रूस के आंद्रे रुबलेव के खिलाफ पिछड़कर वापसी करते हुए 4-6, 6-1, 6-4, 6-3 से जीत हासिल की। फाइनल में जगह बनाने के लिए जोकोविच का मुकाबला इटली के आठवीं वरीयता प्राप्त जैनिक सिनर से होगा। सिनर ने रूस के रोमन सफीउलिन को 6-4, 3-6, 6-2, 6-2 से हराकर पहली बार ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में कदम रखा है।

जोकोविच अपना 46वां बड़ा सेमीफाइनल खेलते हुए सर्वाधिक सेमीफाइनल खेलने में रोजर फेडरर के पुरुष एकल रिकॉर्ड की बराबरी करेंगे। दूसरी ओर, 25 वर्षीय रूबलेव आठवीं बार प्रमुख क्वार्टर फाइनल खेल रहे थे, लेकिन वह अब भी अपने पहले सेमीफाइनल की तलाश में हैं। ओपन युग में किसी भी खिलाड़ी ने जीत के बिना इतने ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल नहीं खेले हैं। रुबलेव ऑस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में भी जोकोविच से भिड़े थे, जहां सर्बियाई खिलाड़ी ने जीत हासिल की थी।



### सबालेंका ने कीज को हराया



आर्यना सबालेंका ने बुधवार को यहां मेडिसन कीज के खिलाफ सीधे सेट में जीत के साथ लगातार दूसरी बार विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई। बेलारूस की दूसरी वरीय सबालेंका 2021 में भी सेमीफाइनल में पहुंची थी। सबालेंका ने कीज को 6-2, 6-4 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। इस साल ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में सबालेंका की जीत-हार का रिकॉर्ड 17-1 है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया ओपन का खिताब जीता जबकि फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची। विंबलडन में भी वह पांच जीत दर्ज कर चुकी हैं। ग्रैंडस्लैम के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में सबालेंका की यह लगातार छठी जीत है।

### विंबलडन 2022 के क्वार्टर का रीमैच

*सिनर के साथ जोकोविच का सेमीफाइनल मुकाबला पिछले साल विंबलडन में इस जोड़ी के क्वार्टर फ़ाइनल का रीमैच होगा जब जोकोविच ने दो सेटों से पिछड़ने के बाद 5-7, 2-6, 6-3, 6-2, 6-2 से जीत हासिल की थी। उसके बाद से दोनों खिलाड़ी आमने-सामने नहीं आए हैं।*

# एशियाई चैंपियनशिपः भारत के अभिषेक को 10 हजार मीटर पैदल चाल में कांस्य

भाषा ⏭ बैंकॉक

अभिषेक पाल ने एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत के पदक का खाता खोलते हुए बुधवार को यहां प्रतियोगिताओं के पहले दिन कांस्य पदक जीता।

अभिषेक ने 10 हजार मीटर पैदल चाल में 29 मिनट 33.26 सेकेंड के साथ के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। वह जापान के रेन तजावा (29 मिनट 18.44 सेकेंड) और कजाखस्तान के कोएच किमुताइ शैड्रैक (29 मिनट 31.63 सेकेंड) के बाद तीसरे स्थान पर रहे। भारतीय सेना के 25 साल के इस धावक ने आखिरी लैप में पूरा दमखम लगाया और वह इस प्रतियोगिता के इस सत्र में पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने। अनुभवी भाला फेंक खिलाड़ी अन्नू रानी पोडियम (शीर्ष तीन स्थान) से चूक गईं, वह 59.10 मीटर के थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहीं। मध्य दूरी की धावक लिली दास भी महिलाओं की 1500 मीटर में पोडियम से चूक गईं। वह 4.27 मिनट का समय लेकर सातवें स्थान पर रहीं। पुरुषों की 25 लैप की पैदल चाल के दौरान प्रतियोगियों को उमस भरी गर्मी की परिस्थितियों से जूझना पड़ा। जापान के तजावा ने शुरुआती दो लैप के बाद बढ़त बना ली और उसे आखिर तक बनाए रखा। उन्हें अपने प्रतिद्वंद्वियों से ज्यादा चुनौती नहीं मिली और अंततः उन्होंने स्वर्ण पदक जीता। पाल और हमवतन गुलबीर सिंह लगभग पूरी स्पर्धा में शीर्ष धावकों से पीछे रहे। पाल ने हालांकि आखिरी लैप में कड़ी मेहनत की और जापान के धावक युतो इमाए को पीछे छोड़ दिया, जो चौथे स्थान पर रहे। इमाए पर आखिरी चरण में थकान हावी हो गयी।

### टेस्ट और महिला क्रिकेट के लिए अतिरिक्त धन की मांग

**लंदन।** मेरिलबोन क्रिकेट क्लब ने टेस्ट क्रिकेट और महिला क्रिकेट को बचाने के लिए अतिरिक्त धन की मांग पर जोर दिया है। इसके साथ ही 2027 विश्व कप के बाद वनडे क्रिकेट में कटौती का भी सुझाव दिया है। लाडर्स पर हाल ही में हुई बैठक में एमसीसी की 13 सदस्यीय विश्व क्रिकेट समिति ने हर विश्व कप से एक साल पहले के अलावा द्विपक्षीय वनडे खत्म करने का सुझाव दिया है। समिति ने व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए सुझाव दिया है। एमसीसी ने अपनी वेबसाइट पर लिखा, 'समिति ने आईसीसी विश्व कप के अलावा पुरुषों के एक दिवसीय क्रिकेट की भूमिका पर भी सवाल उठाए। सुझाव यह है कि वनडे की संख्या में कटौती करने से इसकी गुणवत्ता बढ़ेगी। समिति लगातार सुनती आ रही है कि कई देशों में धनाभाव में पुरुषों के टेस्ट क्रिकेट की मेजबानी संभव नहीं है। इसके लिए टेस्ट क्रिकेट को अतिरिक्त कोष की जरूरत है।' इसके साथ ही समिति ने महिला क्रिकेट को मजबूत बनाने के लिए भी अतिरिक्त कोष देने का सुझाव दिया।

### यशस्वी, किशन ने किया डेब्यू ...



**रोसीऊ।** वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट मैच में बुधवार को भारत के लिए यशस्वी जायसवाल और इशान किशन टेस्ट में पदार्पण किया। वहीं अंतिम एकादश में तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट ने वापसी की है।

## तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से आगे है भारतीय महिला टीम

# बांग्लादेश का सूपड़ा साफ करने उतरेगा भारत

एजेंसी ⏭ मीरपुर

भारतीय महिला क्रिकेट टीम बल्लेबाजी की कमजोरियों से पार पाते हुए बांग्लादेश के खिलाफ गुरुवार को यहां तीसरे और आखिरी टी20 मैच के लिए उतरेगी तो फोकस श्रृंखला 3-0 से जीतने पर रहेगा।

हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने पहले दो मैच आसानी से जीते।दूसरे मैच में हालांकि भारत की बल्लेबाजी निराशाजनक रही जब 20 ओवर में टीम आठ विकेट पर 95 रन ही बना सकी। भारतीय गेंदबाजों ने हालांकि बल्लेबाजों की नाकामी की भरपाई करते हुए बांग्लादेश को 87 रन पर ही समेट दिया था। दो मैचों में नाकाम रहने के बाद एक बार फिर सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा पर सभी की नजरें होंगी। पिछले मैच में उन्होंने 14 गेंद में 19 रन बनाए जो भारतीय पारी में सर्वोच्च स्कोर था लेकिन उसे अपनी क्षमता और लोगों की अपेक्षाओं का अहसास है। उनके पास 16 जुलाई से शुरू हो रही वनडे श्रृंखला से पहले फॉर्म में लौटने का एक और मौका है। उपकप्तान स्मृति मंधाना को भी बड़ी पारी का इंतजार है। भारतीय सलामी बल्लेबाज टीम को अच्छी शुरुआत देने में नाकाम रहे हैं और अब उनके पास अपनी गलतियों में सुधार करने का एक और मौका है। जेमिमा रौड्रिग्स ने बीच के ओवरों में 21 गेंद खेलकर सिर्फ आठ रन बनाए। पहले मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद दूसरे मैच में खाता भी नहीं खोल सकी कप्तान हरमनप्रीत फिर लय में आने की कोशिश में होंगी। भारतीय गेंदबाजों दीप्ति शर्मा, मीनू मनी और शेफाली ने दूसरे मैच में शानदार प्रदर्शन किया।



### टीमें इस प्रकार

**भारत** : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, दीप्ति शर्मा, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देओल, देविका वैद्य, उमा छेत्री (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, एस मेघना, पूजा वस्त्राकर, मेघना सिंह , अंजलि सरवनी, मोनिका पटेल, राशि कनौजिया, अनुषा बारेड्डी, मीनू मणि।

**बांग्लादेश** : निगार सुल्ताना (कप्तान, विकेटकीपर), नाहिदा अख्तर, दिलारा अख्तर, शाथी रानी, शमीमा सुल्ताना, शोभना मोस्तरी, मुर्शिदा खातून, शोर्ना अख्तर, रितु मोनी, दिशा बिस्वास, मारुफा अख्तर, संजीदा अख्तर मेघला, राबिया खान, सुल्ताना खातून, सलमा खातून, फाहिमा खातून।

# यूटीटी : चेन्नई और पुणेरी पल्टन के बीच भिड़ंत आज

एजेंसी ⏭ पुणे

स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल की चेन्नई लॉयंस और मेजबान पुणेरी पल्टन के मुकाबले से अल्टीमेट टेबल टेनिस के चौथे सत्र का यहां बृहस्पतिवार को आगाज होगा। चार साल पहले चेन्नई लॉयंस ने दबंग दिल्ली को फाइनल में हराकर खिताब जीता था और इस बार भी उस प्रदर्शन को दोहराना चाहेगी। छह टीमों की यह लीग 13 से 31 जुलाई के बीच खेली जाएगी।

शरत उन चार खिलाड़ियों में से हैं जिन्हें टीमों ने इस बार रिटेन रखा है। चीन में इस साल होने वाले एशियाई खेलों और 2024 पेरिस ओलंपिक से पहले उनके प्रदर्शन पर सभी की नजरें होंगी। बेंगलुरु स्मैशर्स ने मनिका बत्रा को और दबंग दिल्ली ने जी साथियान को बरकरार रखा है। मानव ठक्कर मुंबई की कमान संभालेंगे। चार बार के ओलंपियन शरत के अलावा चेन्नई टीम में आस्ट्रेलिया के यांगजी लियू और जर्मनी के बेनेडिक्ट डुडा भी हैं। इनके अलावा भारत की सुतीर्था मुखर्जी, पायस जैन और प्राप्ती सेन भी इसी टीम में हैं।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## पूर्व उपराष्ट्रपति बोले हमारे खून में सेक्युलरिज्म

# वॉशिंगटन डीसी में बोले वेंकैया नायडू-अमेरिका की तुलना में भारत के अल्पसंख्यक ज्यादा सुरक्षित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने अमेरिका के वॉशिंगटन में अल्पसंख्यकों को लेकर बड़ा दिया है। उन्होंने कहा कि भारत में अल्पसंख्यक अमेरिका से भी ज्यादा सुरक्षित हैं। क्योंकि सेक्युलरिज्म (धर्मनिरपेक्षता) भारतीयों के खून में है। दरअसल नेशनल काउंसिल ऑफ एशियन इंडियन एसोसिएशन्स ने ग्रेटर वाशिंगटन डीसी में वेंकैया नायडू के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। एम. वेंकैया नायडू ने कहा कि अल्पसंख्यकों को लेकर भारत के खिलाफ माहौल बनाने में वेस्टर्न मीडिया का एक धड़ा शामिल है। उन्होंने कहा कि मीडिया भी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम का हिस्सा बन गया। वेंकैया नायडू ने कहा कि मैं सबको यह आश्वस्त करना चाहता हूं कि भारत में अल्पसंख्यक अमेरिका के मुकाबले काफी सुरक्षित हैं।

### खास बातें

- भ्रम का हिस्सा बन गया मीडिया
- वॉशिंगटन डीसी में वेंकैया नायडू के सम्मान में हुआ कार्यक्रम



**अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और सम्मान**

*पूर्व उपराष्ट्रपति नायडू ने कहा कि जब हम तुलना करेंगे कि भारत में क्या हो रहा है और दूसरे देशों में क्या चल रहा है। तब आप देखेंगे कि दूसरे देशों में किस तरह से लोगों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। वेंकैया नायडू ने बताया कि भारत हमेशा से अपने अल्पसंख्यकों का सुरक्षा और सम्मान का ध्यान रखता है।*

### कश्मीर भारत का अभिन्न अंग

उन्होंने कहा कि जिनको भारत में नहीं रहना था या जो पाकिस्तान जाना चाहते थे, वो पहले ही देश को छोड़कर जा चुके हैं। जो भारत में रहना चाहते थे वो यहां आजादी के पहले और उसके बाद भी रह रहे हैं। वहीं पूर्व राष्ट्रपति ने यहां कश्मीर को भारत का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि यह हमारे देश का अभिन्न अंग है।

### ब्रिटेन में पहला हिंदू मंदिर बनाने की मंजूरी

मीडिया रिपोर्ट से मिली जानकारी के मुताबिक ब्रिटेन के ऑक्सफोर्ड शहर में पहला हिंदू मंदिर बनाने की मंजूरी मिल गई है। इसकी मंजूरी ऑक्सफोर्ड की नगर परिषद ने दी है। बताया जा रहा है कि यहां एक स्पोर्ट्स पवेलियन को हिंदू मंदिर में बदल दिया जाएगा। इसके साथ ही सामुदायिक केंद्र भी बनाया जाएगा।

### गीता को मिला अहम पद

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने भारतीय मूल की अमेरिकी गीता राव गुप्ता को अहम पद दिया है। गीता राव को विदेश मंत्रालय में महिलाओं से जुड़ी वैश्विक मुद्दों के लिए एंबेसडर एट लार्ज पद की शपथ दिलाई गई। इस पद के लिए चुनाव में सीनेट में उन्हें 47 के मुकाबले 51 मत मिले।

### पाकिस्तान को चेताया

पाकिस्तान की तरफ इशारा करते हुए वेंकैया ने पड़ोसी देश को भारत के आंतरिक मामलों में दखल देने के खिलाफ चेताया। उन्होंने दोहराया कि कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है। पिछले सप्ताहांत 'एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन्स ऑफ इंडियन ओरिजिन के 41वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व उपराष्ट्रपति ने स्वस्थ्य जीवन जीने के लिए जीवनशैली में बदलाव पर जोर दिया था। उन्होंने एएपीआई सदस्यों से अपने मूल स्थान के लिए योगदान देने का आग्रह किया था और मातृभूमि की देखभाल के महत्व पर प्रकाश डाला था। 'नेशनल काउंसिल ऑफ एशियन इंडियन एसोसिएशन्स' द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 'सिख्स ऑफ अमेरिका' संगठन ने भारत में सिखों के कल्याण के लिए काम करने के वास्ते वेंकैया को सम्मानित भी किया।

## खबर संक्षेप

### 13 महीने की मासूम पर मां ने गलती से चढ़ाई कार



**वॉशिंगटन।** इंसान की एक लापरवाही उसे बहुत बड़ा नुकसान दे बैठती है। इसी से जुड़ी एक खबर अमेरिकी राज्य एरिजोना से आई है। यहां एक मां ने अपनी 13 महीने की बच्ची पर गलती से कार चढ़ा दी। बच्ची की तुरंत मौत हो गई। यह घटना तब हुई जब महिला ने अपनी बेटी को दूसरी जगह पर बिठाया, जहां उसे लगा कि उसकी बेटी सुरक्षित है। कार घर के पास एक तंग इलाके में खड़ी थी और महिला उसे उस जगह से निकालने की कोशिश कर रही थी। कार पार्क कर रही थी तब टायर उसकी बेटी के ऊपर चढ़ गया।

### गैंगस्टर लॉरेंस को लेकर खुफिया एजेंसी का अलर्ट



**नई दिल्ली।** कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई अपने गैंग को फिर से बढ़ाने के लिए नाभा जेल ब्रेक जैसी साजिश रच रहा है। खुफिया एजेंसियों ने बताया है कि पंजाब की 5 संवेदनशील जेल उसके निशाने पर हैं। अपने गैंग को दोबारा जिंदा करने के लिए लॉरेंस ने नई प्लानिंग की है। लिहाजा इन गैंग के सदस्यों के ऊपर सतर्कता और बढ़ा दी गई है। हालांकि सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में मुख्य आरोपी लॉरेंस बिश्नोई को पेट में तकलीफ और तेज बुखार के बाद जेल के अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### यूक्रेन ने रूस के मार गिराए 11 कामिकेज ड्रोन



**कीव।** रूस-यूक्रेन युद्ध पर कब विराम लगेगा उसका अंदाजा लगा पाना काफी मुश्किल है। वहीं, नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान यूक्रेन को एक बड़ा झटका लगा है। इसी बीच पिछले दो दिनों से यूक्रेन की राजधानी कीव पर रूस द्वारा हमले हो रहे हैं। यूक्रेन ने दावा किया कि बुधवार रात को 11 रूसी ड्रोन को मार गिराया है। यूक्रेन की वायु सेना ने सोशल मीडिया जरिए जानकारी दी कि हमले में कुल 15 कामिकेज ड्रोन शामिल थे। उनमें से ग्यारह ड्रोन को मार गिराया गया। बता दें कि कामिकेज ड्रोन काफी ताकतवर है। इसे ईरान ने बनाया है।

### बेस्ट शहरों की लिस्ट में उदयपुर दूसरे स्थान पर



**उदयपुर।** हाल ही में ट्रैवल प्लस लेजर ने अमेरिका में दुनिया के बेस्ट शहरों के नाम घोषित किए हैं। जिसमें राजस्थान के उदयपुर को पूरी दुनिया में सबसे ज़्यादा पसंदीदा शहरों की रैंकिंग में दूसरा स्थान मिला है। उदयपुर अरावली पहाड़ियों के बीच बसे होने से अपनी अलग ही पहचान बनाता है। झीलों नगरी होने के साथ-साथ उदयपुर मेवाड़ के इतिहास, राणा प्रताप गौरव भव्य सिटी पैलेस, मानसून पैलेस, लेक पैलेस सहित अन्य ऐतिहासिक चीजे शामिल हैं।

## अंतरिक्ष यान को श्रीहरिकोटा में एलवीएम 3 रॉकेट करेगा लांच

# चंद्रयान-3 की लांचिंग के सिर्फ 32 घंटे शेष, अब लक्ष्य भेदने को तैयार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**अंतरिक्ष यान को श्रीहरिकोटा में एलवीएम 3 रॉकेट द्वारा लॉन्च किया जाएगा। इसरो के अनुसार प्रोपल्शन मॉड्यूल लैंडर और रोवर कांफिगिरेशन को 100 किमी की चंद्र कक्षा में ले जाएगा, जहां लैंडर अलग हो जाएगा और सॉफ्ट लैंडिंग का प्रयास करेगा।**

इसरो शुक्रवार को होने वाली चंद्रयान तीन की लॉन्चिंग के लिए अपनी तैयारियों को आखिरी रूप देने में लगा है। अंतरिक्ष यान अधिक ईंधन, कई असफल-सुरक्षित उपायों और चंद्रयान -2 की तुलना में बड़े लैंडिंग साइट से भरा हुआ है। इस बार इसरो को पूरा विश्वास है कि वो चंद्रयान को इस बार चंद्रमा पर सफलतापूर्वक लैंडिंग कराने में सफल रहेंगे। आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से लॉन्च होने वाला चंद्रयान-3, संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत को चंद्रमा की सतह पर अंतरिक्ष यान उतारने वाला चौथा देश बना देगा। इसरो के मुताबिक, चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान शुक्रवार को लॉन्चिंग के करीब एक महीने बाद चंद्रमा की कक्षा में पहुंचेगा। लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान के 23 अगस्त को चंद्रमा पर उतरने की उम्मीद है। 14 जुलाई को लॉन्च किया जाएगा। आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा सेंटर से दोपहर 2:35 बजे चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग होगी। अगर चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग सफल रहती है तो भारत ऐसा करने वाला चौथा देश बन जाएगा। इससे पहले अमेरिका, रूस और चीन चंद्रमा पर अपने स्पेसक्राफ्ट उतार चुके हैं।

**श्रीहरिकोटा सेंटर से दोपहर 2:35 बजे होगी लॉन्चिंग**

इसरो प्रमुख एस सोमनाथ का दावा...इस बार हर बारीकी पर काम किया

******

शुक्रवार को लॉन्चिंग के करीब एक महीने बाद चंद्रमा की कक्षा में पहुंचेगा

******

लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान के 23 अगस्त को चंद्रमा पर उतरने की है उम्मीद चंद्रमा पर सुरक्षित लैंडिंग ही सबसे बड़ी चुनौती

### लॉन्चिंग सफल रही तो भारत ऐसा करने वाला चौथा देश बनेगा



अंतरिक्ष यान को श्रीहरिकोटा में एसडीएससी एसएचएआर से एलवीएम 3 रॉकेट द्वारा लॉन्च किया जाएगा। इसरो के अनुसार, प्रोपल्शन मॉड्यूल लैंडर और रोवर कॉन्फ़िगरेशन को 100 किमी की चंद्र कक्षा में ले

**क्या है मिशन ?**

जाएगा, जहां लैंडर अलग हो जाएगा और सॉफ्ट लैंडिंग का प्रयास करेगा। द प्रोप्लसन मॉड्यूल अपने साथ पृथ्वी के शेप का पेलोड का एक स्पेक्ट्रो-पोलरिमेट्री भी ले जाएगा, जो चंद्र कक्षा से पृथ्वी के वर्णक्रमीय और पोलारिमेट्रिक माप का अध्ययन करेगा।

### यह है उद्देश्य?

चंद्रयान-3 का उद्देश्य चंद्रमा पर एक अंतरिक्ष यान को सुरक्षित रूप से उतारने और एक रोवर को चंद्रमा की सतह पर घुमाने की भारत की क्षमता को प्रदर्शित करना है। ये रोवर चंद्रमा की संरचना और भूविज्ञान पर डेटा एकत्र करेगा। यह चंद्रमा के इतिहास, भूविज्ञान और संसाधनों की क्षमता सहित चंद्रमा के पर्यावरण का अध्ययन करने के लिए वैज्ञानिक प्रयोग भी करेगा।

### सुरक्षित लैंडिंग सबसे बड़ी चुनौती

चंद्रमा पर सुरक्षित लैंडिंग ही सबसे बड़ी चुनौती है। जुलाई 2019 में, चंद्रयान -2 को उतारने के भारत के पिछले प्रयास को एक बड़ा झटका उस वक्त लगा था जब विक्रम लैंडर चंद्रमा की सतह पर उतरने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस बार किसी तरह की कोई गड़बड़ी ना इसे ध्यान में रखते हुए इसरो ने चंद्रयान-3 को अधिक ईंधन के साथ डिजाइन किया गया है।

### उद्योग जगत को सौंपा जाएगा एसएसएलवीः इसरो अध्यक्ष

*नई दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने घोषणा की कि वह लघु उपग्रहों की बढ़ती मांग के बीच अपने लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) को निजी सेक्टर को सौंपेगा। एसएसएलवी 500 किलोग्राम वजन तक के उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित करने वाला वाहन है और यह मांग आधारित सेवा मुहैया कराता है। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने 'सिया इंडिया' द्वारा आयोजित भारत अंतरिक्ष कांग्रेस के उद्घाटन समारोह में कहा, ''हमने अपना एसएसएलवी बनाया है, जिसे उद्योग जगत को स्थानांतरित किया जाएगा ।*

## नाटो सदस्यों ने किया स्वागत

# तुर्की माना, नाटो का 32वां सदस्य देश बना स्वीडन



एजेंसी ▶▶ विनियस

नाटो संगठन की सदस्यता लेने वाला स्वीडन 32वां देश होगा। यूक्रेन और रूस में जारी जंग के बीच तनाव और बढ़ सकता है। रूस के पड़ोसी देश फिनलैंड को इसी साल नाटो की मेंबरशिप मिली थी और अब अमेरिका के नेतृत्व वाला यह परिवार और बड़ा होने वाला है। नाटो महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने घोषणा की कि तुर्की ने स्वीडन की बोली का समर्थन किया है। इतना ही नहीं उन्होंने अंकारा के फैसले को ऐतिहासिक बताया है। स्टोलटेनबर्ग ने कहा, यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि (तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तय्यिप) एर्दोगन और स्वीडन के पीएम (उल्फ क्रिस्टर्सन) के साथ बैठक के बाद, राष्ट्रपति एर्दोगन स्वीडन के एक्सेशन प्रोटोकॉल को जल्द से जल्द ग्रैंड नेशनल असेंबली में भेजने और अनुसमर्थन सुनिश्चित करने पर सहमत हुए हैं। यह एक ऐतिहासिक कदम है जो सभी नाटो सहयोगियों को मजबूत और सुरक्षित बनाता है।

### तुर्की ने पहले रोक दिया था आवेदन

रिपोर्ट के अनुसार, तुर्की ने पहले स्वीडन के आवेदन को रोक दिया था, उस पर कुर्द आतंकवादियों की मेजबानी करने का आरोप लगाया था। नाटो के 31 सदस्यों में से एक तुर्की के पास समूह में शामिल होने वाले किसी भी नए देश पर वीटो लगाने का अधिकार है। नाटो प्रमुख ने कहा कि तुर्की और स्वीडन ने तुर्की की वैध सुरक्षा चिंताओं को संबोधित किया, इस कारण स्वीडन ने अपने संविधान में संशोधन किया, अपने कानूनों को बदला, पीकेके (कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी) के खिलाफ अपने आतंकवाद विरोधी अभियान का विस्तार किया और तुर्की को हथियारों का निर्यात फिर से शुरू किया। इस घोषणा का कई नाटो सदस्यों ने स्वागत किया। इस खबर पर प्रतिक्रिया देकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि वह अपने तुर्की समकक्ष द्वारा त्वरित अनुसमर्थन के साथ आगे बढ़ने की प्रतिबद्धता का स्वागत करते हैं।

### यह एक ऐतिहासिक कदमः लेयेन

यूरोपीय संघ आयोग के अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा, विल्नियस में एक ऐतिहासिक कदम है। मैं उस महत्वपूर्ण कदम का स्वागत करता हूं जो तुर्किये ने स्वीडन के नाटो में शामिल होने की पुष्टि करने के लिए उठाने का वादा किया। फरवरी 2022 में रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण करने के मद्देनजर स्वीडन और उसके पूर्वी पड़ोसी फिनलैंड ने पिछले साल मई में नाटो में शामिल होने की अपनी मंशा की घोषणा की थी। फिनलैंड इस साल अप्रैल में औपचारिक रूप से गठबंधन में शामिल हो गया।

## तख्तापलट कर 9 साल तक पीएम रहे, अब सन्यास

# चुनाव के साथ हिम्मत भी हार गया थाइलैंड का तानाशाह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



थाईलैंड में 9 वर्ष पहले सैन्य तख्तापलट कर प्रधानमंत्री बने प्रयुत चान ओचा वर्ष 2023 तक इस पद पर रहने के बाद इस बार का चुनाव हार गए। अब उन्होंने सक्रिय राजनीति से सन्यास लेने की घोषणा कर दी है। उनके इस ऐलान से हर कोई हैरान है। जो तानाशाह सत्ता के लिए पीएम की कुर्सी तक ले ले और बाद में उसी का कुर्सी से इस कदर उम्मीदें टूट जाएं कि वह सक्रिय राजनीति ही छोड़ दे, यह वक्त का फर्क लगता है। प्रयुत के इस कदम ने थाईलैंड में कई तरह की चर्चाओं को जन्म दे दिया है। वर्ष 2014 में थाइलैंड में प्रयुत चान ने सैन्य तख्ता पलट किया था। लगभग नौ वर्षों से देश की सत्ता संभाली और वह अब तक प्रधानमंत्री रहे। मगर इस बार के चुनाव में उनकी पार्टी की शिकस्त के बाद प्रयुत ने राजनीति से सन्यास लेने की घोषणा की।

## सीमा प्रेम का मामला उलझा

# आतंकियों ने दी धमकी कहा हमारी लड़की वापस करो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्यार की खातिर अंतरराष्ट्रीय सरहद को लांघते हुए पाकिस्तान से भारत आई सीमा हैदर को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। भारत आने के बाद भले ही सीमा की मुश्किलें अभी कम नहीं हुई हों लेकिन उसके चलते पाकिस्तान में रहने वाले हिन्दुओं की जान भी खतरे में पड़ गई है। पाकिस्तान के आतंकी संगठनों ने सीमा हैदर को यह धमकी दी है कि अगर वो वापस नहीं लौटी तो उनके देश में हिन्दुओं को निशाना बनाया जाएगा।



### इधर कुआं- उधर खाई

सीमा हैदर के लिए इस वक्त ईधर कुआं और उधर खाई जैसी स्थिति है। वो भारतीय सरजमीं पर बिना किसी कागजी कार्यवाही के दाखिल हुई है। ऐसे में उसपर एक्शन लिया जाना तय है। उसपर पाकिस्तानी खूफिया एजेंसी आईएसआई का जासूस होने का भी शक जताया जा रहा है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

## एक सप्ताह में सेना पर यह दूसरा बड़ा हमला

# पाकिस्तान में हुआ बड़ा आतंकी हमला, कई सैनिकों की मौत

एजेंसी ▶▶ बलूचिस्तान

पाकिस्तान में बड़ा आतंकी हमला हुआ है। बलूचिस्तान प्रांत में तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान के आतंकियों ने सेना के ठिकाने पर भीषण हमला किया है। इसमें कम से कई सैनिकों के मारे जाने की खबर है। बताया जा रहा है कि आतंकियों ने बलूचिस्तान के झोब में सैन्य ठिकाने को निशाना बनाकर उस पर हमला किया। हमला करके उसे कब्जाने की कोशिश की। दोनों पक्षों के बीच अभी जोरदार गोलीबारी हुई है। झोब में मौजूद फौजी ठिकाने पर हमला उस वक्त हुआ जब कुछ सैनिक ड्यूटी पूरी करने के बाद आराम करने पहुंचे थे।



### फौजियों ने भी की जवाबी कार्रवाई

तभी आतंकियों ने उन सैनिकों पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। फौजियों ने भी जवाबी कार्रवाई की, लेकिन आतंकियों को कोई नुकसान नहीं हुआ। फायरिंग के बाद 6 सैनिकों के शव बरामद हुए। रिपोर्ट्स में यह संख्या 4 बताई गई है।

### सेना की यूनिट घटनास्थल पर भेजी, पूरा इलाका सील

हमले के बाद वहां एक और यूनिट को भेजा गया है। पूरा इलाका सील कर दिया गया है। यहां हर घर तलाशी भी ली जा रही है। फौज का दावा है कि तीन आतंकी मारे गए हैं, लेकिन स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट्स में कहा गया है कि सभी आतंकी भागने में कामयाब रहे। पाकिस्तान में एक हफ्ते में दूसरी बार आतंकी हमला हुआ है। इससे पहले भी आतंकियों ने सुरक्षा चौकी को ही निशाना बनाया था।

## आज दो दिवसीय यात्रा पर जकार्ता, इंडोनेशिया जाएंगे विदेश मंत्री

# आसियान-भारत, पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे जयशंकर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ एस. जयशंकर 13-14 जुलाई को निर्धारित प्रारूप में आसियान फ्रेमवर्क के तहत विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए जकार्ता, इंडोनेशिया का दौरा करेंगे। वे अन्य देशों के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर बुधवार से इंडोनेशिया और थाईलैंड की सात दिवसीय यात्रा पर रहेंगे। वह इंडोनेशिया के जकार्ता में गुरुवार और शुक्रवार को आसियान फ्रेमवर्क के तहत आसियान-भारत, पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन, आसियान क्षेत्रीय मंच प्रारूप में विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होंगे।

» बिम्सटेक एजेंडे को मजबूत करने पर चर्चा होगी

» कई देशों के साथ द्विपक्षीय बैठकें होंगी

### अन्य देशों के साथ करेंगे द्विपक्षीय बैठकें

गौरतलब हो, विदेश मंत्री डॉ एस. जयशंकर 13-14 जुलाई को निर्धारित प्रारूप में आसियान फ्रेमवर्क के तहत विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए जकार्ता, इंडोनेशिया का दौरा करेंगे। वे द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे।



### विदेश मंत्रियों के रिट्रीट में भी होंगे शामिल

वहीं बैंकॉक में ही विदेश मंत्री 17 जुलाई को बिम्सटेक विदेश मंत्रियों के रिट्रीट प्रोग्राम में भी शामिल होंगे। ज्ञात हो, बिम्सटेक एक आर्थिक और तकनीकी पहल है जो बहुआयामी सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी के देशों को एक साथ लाती है।

### भारत की मजबूत प्रतिबद्धता

जकार्ता के बाद, विदेश मंत्री जयशंकर 16 जुलाई को मेकांग गंगा सहयोग तंत्र की 12वीं विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए बैंकॉक, थाईलैंड की यात्रा करेंगे।

### इंडोनेशिया और थाईलैंड का दौरा

- आसियान-भारत पूर्वी एशिया समिट में विदेश मंत्रियों की बैठक में लेंगे भाग
- जकार्ता में अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे
- बैंकॉक में 16 जुलाई को मेकांग गंगा सहयोग एमजीसी तंत्र की 12वीं बैठक में रहेंगे
- एमजीसी, निचले मेकांग क्षेत्र के सबसे पुराने तंत्रों में से एक है
- 17 जुलाई को बिम्सटेक विदेश मंत्रियों के रिट्रीट में शामिल होंगे
- रिट्रीट में बिम्सटेक को और मजबूत करने के तरीकों पर होगी चर्चा

## युद्ध छेड़ने की रच रहा था साजिश

# इंडियन मुजाहिदीन के चार आतंकियों को 10 साल कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने 2012 में देशभर में आतंकवादी हमलों को अंजाम देकर सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने की आपराधिक साजिश रचने के लिए बुधवार को इंडियन मुजाहिदीन के चार आतंकियों को 10-10 साल जेल की सजा सुनाई। विशेष न्यायाधीश शैलेन्द्र मलिक ने दानिश अंसारी, आफताब आलम, इमरान खान और ओबैद-उर-रहमान को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और आतंकवाद रोधी कानून के तहत सजा सुनाई है।



### लश्कर के पांच आतंकी धरे

जम्मू कश्मीर के बडगाम जिले में सुरक्षा बलों ने लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों के पांच सहयोगियों को गिरफ्तार किया। पुलिस और सेना की संयुक्त कार्रवाई में पकड़े गए आतंकियों की पहचान रऊफ अहमद, हिलाल मलिक, तौफीक डार, दानिश अहमद और शौकत अली के रूप में हुई है।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com